RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच




वर्ष : 27 | अंक : 270 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बृहस्पतिवार, 18 सितंबर, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

# सॉफ्टवेयर के जरिए की 'वोट चोरी' : राहुल गांधी

**राहुल गांधी का दावा :**

## महाराष्ट्र व कर्नाटक में 2 सीटों पर 12 हजार वोट चोरी

## वोट चोरों को बचा रहा है चुनाव आयोग

## चुनाव आयोग के अंदर से मिल रही है जानकारी

## हाईड्रोजन बम अभी आना बाकी है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने नई दिल्ली के इंदिरा भवन ऑडिटोरियम में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। राहुल ने इस दौरान 'वोट चोरी' से जुड़े नए सबूत पेश किए और वोटर लिस्ट से नाम काटने के नए आरोप लगाए। उन्होंने पहले ही कह दिया कि यह 'हाइड्रोजन बम' नहीं है, हाइड्रोजन बम अभी आने वाला है। कुछ दिनों पहले अपनी 'वोटर अधिकार यात्रा' को खत्म करते हुए राहुल ने दावा किया था कि उनकी पार्टी 'वोट चोरी' के मुद्दे पर जल्द ही एक 'हाइड्रोजन बम' जैसा खुलासा करेगी।

'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान राहुल ने आरोप लगाया था कि 2024 के लोकसभा चुनाव में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी हुई, खासकर कर्नाटक के महादेवपुरा क्षेत्र में एक लाख से अधिक वोट कथित तौर पर 'चुराए' गए। उन्होंने इसे लोकतंत्र पर 'परमाणु बम' जैसा खतरा बताते हुए चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता और मतदाताओं के अधिकारों पर जोर दिया।

प्रेसवार्ता में राहुल गांधी ने कहा कि यह कैसे किया जा रहा है और मैं क्यों कह रहा हूं- और हम क्यों कह रहे हैं कि यह काम सेंट्रलाइज्ड तरीके से किया जा रहा है। यह व्यक्तियों के जरिए नहीं, बल्कि सॉफ्टवेयर के जरिए हो रहा है। सीरियल नंबरों को देखिए। एक सॉफ्टवेयर बूथ पर पहली सूचीबद्ध नाम उठाकर उसका इस्तेमाल वोट हटाने के लिए कर रहा है। किसी ने एक ऑटोमेटेड प्रोग्राम चलाया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बूथ पर पहला मतदाता ही आवेदक दिखे। उसी व्यक्ति ने राज्य से बाहर के मोबाइल फोन लिए और उनका इस्तेमाल करके आवेदन दाखिल किया। हमें पूरा यकीन है कि यह सेंट्रलाइज्ड तरीके से और बड़े पैमाने पर किया गया। यह काम किसी कार्यकर्ता के स्तर पर नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम के स्तर पर किया गया है।



**दलित, ओबीसी और अल्पसंख्यक वोटर टारगेट पर**

**राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस वोटरों तथा कांग्रेस की जीत वाली सीटों पर वोटरों को टारगेट किया गया। खासकर दलितों, ओबीसी, अल्पसंख्यक व आदिवासियों को टारगेट किया गया है।**

राहुल गांधी ने कहा कि आलंद में 6018 आवेदन मतदाताओं के नाम से दाखिल किए गए. जिन लोगों के नाम पर ये आवेदन दाखिल हुए, उन्होंने वास्तव में कभी आवेदन नहीं किया। ये आवेदन अपने आप सॉफ्टवेयर के जरिए किए गए। आलंद में वोटर हटाने के लिए कर्नाटक से बाहर के, अलग-अलग राज्यों के मोबाइल नंबरों का इस्तेमाल किया गया, और ये काम कांग्रेस मतदाताओं को निशाना बनाकर किया गया।

राहुल गांधी ने कहा कि भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त उन लोगों की रक्षा कर रहे हैं जिन्होंने भारतीय लोकतंत्र को बर्बाद कर दिया है। उन्होंने कहा, 'मैं इस मंच से ऐसी कोई बात नहीं कहूंगा जो 100 प्रतिशत सच नहीं है। मैं ऐसा इंसान हूं जो अपने देश से प्यार करता है, अपने संविधान से प्यार करता है, लोकतांत्रिक प्रक्रिया से प्यार करता है और उसी प्रक्रिया की रक्षा कर रहा हूं। मैं यहां ऐसी कोई बात नहीं कहूंगा जो 100 प्रतिशत सबूतों पर आधारित न हो और जिसे आप परख न सकें।

राहुल गांधी ने कहा कि आलंद कर्नाटक का एक विधानसभा क्षेत्र है। वहां किसी ने 6,018 वोट डिलीट करने की कोशिश की। हमें नहीं पता कि 2023 के चुनाव में कुल कितने वोट डिलीट किए गए, लेकिन यह संख्या 6,018 से कहीं ज्यादा थी। बस इतनी बात हुई कि इन 6,018 वोटों को डिलीट करते समय गलती से मामला पकड़ में आ गया। हुआ यूं कि वहां की एक बूथ-लेवल अधिकारी ने देखा कि उसके चाचा का वोट डिलीट हो गया है। उसने जांच की कि उसके चाचा का वोट किसने डिलीट किया, तो पता चला कि पड़ोसी ने डिलीट किया है। जब उसने अपने पड़ोसी से पूछा तो उसने कहा कि मैंने कोई वोट डिलीट नहीं किया। यानी न तो जिस व्यक्ति ने वोट डिलीट किया और न ही जिसका वोट डिलीट हुआ- दोनों को इस बारे में कुछ पता था। असल में किसी और ताकत ने सिस्टम को हाईजैक करके ये वोट डिलीट किए थे।

राहुल गांधी ने कहा कि (शेष पृष्ठ-4 पर)

## राहुल के आरोप बेबुनियाद : चुनाव आयोग




सांसद राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग पर लगाए गए आरोपों पर चुनाव आयोग की प्रक्रिया आई है। भारत के चुनाव आयोग ने ट्वीट किया है जिसमें कहा गया है कि लोकसभा के नेता राहुल गांधी द्वारा लगाए गए आरोप गलत और निराधार हैं। किसी भी वोट को जनता के किसी भी सदस्य द्वारा ऑनलाइन नहीं हटाया जा सकता है, जैसा कि राहुल गांधी ने गलत धारणा बनाई है। प्रभावित व्यक्ति को सुनवाई का अवसर दिए बिना कोई भी विलोपन नहीं हो सकता है। 2023 में, अलंद (शेष पृष्ठ-4 पर)

## सेक्टर-33 में सेवा पखवाड़ा के तहत रक्तदान शिविर





**नोएडा (चेतना मंच)।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में कल से शुरू सेवा पखवाड़ा के तहत आज सेक्टर-33 में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

सेक्टर-33 स्थित प्रकाश अस्साल में आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ गौतमबुद्धनगर के सांसद तथा पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष तथा नोएडा के विधायक पंकज सिंह ने किया। इस मौके पर विशेष तौर पर भाजपा के नोएडा महानगर अध्यक्ष महेश चौहान, पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर, उप्र राजय महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष बिमला बाथम भी मौजूद थे। इस दौरान कई लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष तथा जीएसटी रिफॉर्म कमेटी के क्षेत्रीय अध्यक्ष मनोज गुप्ता, संयोजक चंदगीराम यादव, उमेश त्यागी, एन.पी. सिंह, ओमवीर अवाना, करतार सिंह चौहान, विनोद शर्मा, अशोक मिश्रा, धर्मेन्द्र चौहान, भूपेश चौधरी, उमेश पहलवान समेत कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पत्नी का गला दबाकर बिल्डिंग से कूदा चौकीदार

**गाजियाबाद (ब्यूरो)।** घरेलू कलह में एक बिल्डिंग के चौकीदार ने खौफनाक कदम उठाकर अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। पत्नी की हत्या के बाद चौकीदार बिल्डिंग से नीचे कूद गया। उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सहायक पुलिस आयुक्त इन्दिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि पीआरवी के जरिए थाना इन्दिरापुरम पुलिस को सूचना मिली कि शक्ति खण्ड-4 में निर्माणधीन बिल्डिंग में एक महिला का शव पड़ा है। सूचना पर तत्काल थाना पुलिस मौके पर पहुँची एवं शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जांच करने पर पता (शेष पृष्ठ-4 पर)

## जीएसटी की दरें घटाकर हर वर्ग को दी राहत : भूपेन्द्र चौधरी



**प्रदेश अध्यक्ष ने किया प्रदर्शनी का शुभारंभ व अवलोकन**

**नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा कल से शुरू सेवा पखवाड़ा के दूसरे दिन सेक्टर-116 स्थित भाजपा कार्यालय पर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने विधिवत इस प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस मौके पर सांसद डॉ. महेश शर्मा, नोएडा के विधायक पंकज सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसोदिया ने शिरकत की। इस दौरान प्रदेश सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा प्रदेश के विकास में सरकार की उल्लेखनीय उपलब्धि का भी समोवश दिखा गया। इस अवसर पर भूपेन्द्र चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार तथा प्रदेश सरकार ने अपने कार्यकाल के दौरान कल्याणकारी योजनाओं तथा विकास कार्यों की झड़ी लगा दी है। कई ऐसे ऐतिहासिक कार्य हुए हैं जो पूर्व की सरकारों द्वारा नहीं किए गए थे। जीएसटी के मुद्दे पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र सरकार ने जीएसटी की दरों (शेष पृष्ठ-4 पर)

## स्कूटी की टक्कर को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** स्कूटी की टक्कर लगने को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। दोनों पक्षों के कई लोग मारपीट में घायल हो गए। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ थाना ईकोटेक-3 में मुकदमा दर्ज कराया है।



कुलेसरा के संतराम मंदिर वाली गली में रहने वाले पंकज कुमार ने थाना ईकोटेक-3 में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 16 सितंबर को उसका छोटा भाई ललित स्कूटी से जा रहा था। गली में विपरीत दिशा से आ रहे सोनू की स्कूटी से उसकी स्कूटी टच हो गई। स्कूटी टच होने पर सोनू ,आरती, रॉकी व एक अन्य व्यक्ति ने ललित के साथ गाली गलौज कर मारपीट शुरू कर दी। मारपीट करने के बाद सभी आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। वहीं दूसरे पक्ष के सोनू कुमार का आरोप है कि वह अपनी 4 वर्षीय भतीजी को डॉक्टर (शेष पृष्ठ-4 पर)

## पत्नी के अचानक बदल गए रंग ढंग, गुपचुप रचा ली दूसरी शादी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा की एक पॉश सोसाइटी में रहने वाले एक परिवार की खुशियों में आग लग गई है। पत्नी ने शादीशुदा होने के बावजूद गुपचुप घर से भागकर अपने प्रेमी से दूसरी शादी रचा ली। महिला अपने घर से लाखों रुपए के जेवरात को भी साथ ले गई। पत्नी पर गंभीर आरोप लगाते हुए पति ने थाना बिसरख में अपनी पत्नी व उसके कथित पति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

ग्रेटर नोएडा के सुपरटेक इको विलेज सोसाइटी में रहने वाले विपिन (काल्पनिक नाम) ने न्यायालय में दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी शादी वर्ष-2005 में पारिवारिक सहमति से सीमा (काल्पनिक नाम) के साथ हुई थी। शादी के बाद उनकी एक बेटी व बेटा हुआ। वह परिवार सहित सुखी जीवन व्यतीत कर रहे थे। सीमा शादी से पहले ही नौकरी करती थी। वर्तमान में वह शहर के जाने-माने स्कूल में बतौर अध्यापिका के रूप में कार्यरत थी। विपिन के मुताबिक पिछले कुछ समय से उसकी पत्नी सीमा जानबूझकर बिना किसी वजह से उससे लड़ने-झगड़ने लगी। उसने अपनी पत्नी से उसके बदले मूंड का कारण जानने का प्रयास किया लेकिन उसने कोई जवाब नहीं दिया। इस दौरान उसे रिश्तेदारों से पता चला कि सीमा उससे तलाक लेना चाहती है। इस दौरान घर की अलमारी में रखे 3 लाख रूपये गायब हो गए। उसने जब सख्ती से पूछा तो उसने स्वीकार किया कि (शेष पृष्ठ-4 पर)

## भरोसे का कत्ल युवती की बना ली अश्लील वीडियो

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** पड़ोसी युवक ने भरोसे का फायदा उठाकर युवती की अश्लील वीडियो बना ली। आरोपी युवक युवती की अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी दे रहा है। युवती के पिता ने आरोपी के खिलाफ थाना ईकोटेक-3 में मुकदमा दर्ज कराया है। मनोज (काल्पनिक नाम) ने बताया कि वह हाल में कुलेसरा गांव में अपने परिवार के साथ किराए पर रह रहा है। उसके पड़ोस में छतारी बुलंदशहर निवासी कुलदीप भी रहता है। मनोज के मुताबिक कुलदीप ने उसके परिवार से मेलजोल बढ़ा लिया और उसके घर आने जाने लगा। इस दौरान वह उसकी बेटी से भी बातचीत करने लगा परिजनों की गैर मौजूदगी में कुलदीप (शेष पृष्ठ-4 पर)

## झपटमारों ने छीनी चेन व मोबाइल

**नोएडा (चेतना मंच)।** बाइक सवार बदमाशों ने अलग-अलग स्थानों पर झपटमारी की दो वारदातों को अंजाम दिया। बदमाश एक व्यक्ति के गले से सोने की चेन तथा दूसरे से मोबाइल फोन छीन कर फरार हो गए। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। सेक्टर-120 में रहने वाले विवेक कुमार मिश्रा ने थाना सेक्टर-113 में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 12 सितंबर को वह अपनी पत्नी के साथ मिलेनियम स्कूल तिराहे के पास लिट्टी चोखा वाले के ठेले पर खड़ा हुआ था। दोनों पति-पत्नी लिट्टी चोखा खा रहे थे। इस दौरान बाइक पर आए दो युवको ने उसके गले से चेन झपट ली। उसने बाइक सवार बदमाशों को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वह तेज गति में बाइक दौडाकर मौके से फरार हो गए। वहीं थाना बिसरख क्षेत्र के जीआर गार्डन दो सोसाइटी में रहने वाले आशीष यादव ने अपना मोबाइल फोन चुने जाने की रिपोर्ट दर्ज (शेष पृष्ठ-4 पर)



## एओए के चुनाव को लेकर बवाल, रंजिश में मारपीट



**चेतना मंच**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित ट्रिडेंट एंबेसी सोसायटी के अपार्टमेंट ओनर एसोसिएशन के चुनाव में खूब बवाल हुआ था। चुनाव में रंजिश के चलते एक गुट के लोगों ने मिलकर दूसरे गुट के आदमी की पिटाई कर दी। घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। पीड़ित की शिकायत पर थाना बिसरख पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित ट्रिडेंट एंबेसी सोसायटी के एओए का चुनाव जंग का मैदान बन गया है। सोसायटी निवासी विपिन वत्स ने थाना बिसरख में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनकी सोसायटी के रहने वाले धर्मेंद्र भाटी, अपार्टमेंट ओनर एसोसिएशन को चुनाव को लेकर उनसे रंजिश रखता है और 17 तारीख की रात 8.30 बजे, जब वह अपने साथियों के साथ मार्केट में खड़े थे।

इस दौरान धर्मेंद्र भाटी, उसका पुत्र तुषार भाटी, चिराग भाटी और अनिल शर्मा वहां आए और गाली गलौज करते उन पर हमला बोल दिया और उनके साथियों को लात घूंसों और मार्केट में पड़ी कुर्सियों से मारना चालू कर दिया।

उसने धमकी दी कि अगर धर्मेंद्र भाटी का सोसाइटी में विरोध होगा तो जान से मार देंगे। यह घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरा में कैद हुई है। थाना बिसरख पुलिस ने कार्रवाई करते हुए विपिन की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## निजी कंपनी की बस में लगी आग



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सूरजपुर में बृहस्पतिवार सुबह निजी कंपनी की बस सवारियों को लेने जा रही थी तभी उसमें अचानक आग लग गई। ड्राइवर ने बस को रोककर कूदकर जान बचाई और पुलिस और फायर बिग्रेड को फोन किया। फायर बिग्रेड की गाड़ी के घटनास्थल पर पहुंचने तक आग तेजी से फैली और बस को पूरी तरह अपनी चपेट में ले लिया और बस धू-धू कर जलने लगी। फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक बस जलकर खाक हो गई थी। बस में कोई सवारी न होने के कारण एक बड़ा हादसा होने से टल गया।

एक निजी कंपनी की बस सुबह यात्रियों को लेने जा रही थी, जब बस सूरजपुर कस्बे के पास पहुंची बस मे से चिंगारिया निकलने लगी और बस को आग ने अपनी चपेट में ले लिया। बस में लगी (शेष पृष्ठ-4 पर)

## वक्फ पर आदेश

वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश का केंद्र सरकार और विपक्ष दोनों ने ही स्वागत किया है। एक संवेदनशील संतुलन बनाते हुए न्यायालय ने अधिनियम के कुछ प्रमुख प्रावधानों पर रोक लगा दी है। जिसमें एक वह खंड भी शामिल है, जो यह निर्धारित करता है कि पिछले पांच वर्षों से इस्लाम का पालन करने वाले लोग ही किसी संपत्ति को वक्फ के रूप में समर्पित कर सकते हैं। हालांकि, न्यायालय ने पूरे कानून पर रोक लगाने से इनकार कर दिया, यह कहते हुए कि 'अनुमान हमेशा किसी कानून की संवैधानिकता के पक्ष में होता है।' बहरहाल, सत्तारूढ़ भाजपा इस बात से राहत महसूस कर रही है कि अब इस अधिनियम को असंवैधानिक घोषित किए जाने का खतरा नहीं है। जबकि कांग्रेस का दावा है कि इस कानून के पीछे विभाजनकारी एजेंडा उजागर हुआ है। दरअसल, सरकार ने अप्रैल में लागू किए इस कानून को देशभर में वक्फ संपत्तियों के प्रशासन के लिये एक 'धर्मनिरपेक्ष, पारदर्शी और जवाबदेह' व्यवस्था स्थापित करने के उद्देश्य से लागू करने की बात कही थी। निस्संदेह, वक्फ बोर्डों पर वर्षों से लग रहे भ्रष्टाचार, कुप्रबंधन, अतिक्रमण, संपत्ति की अवैध बिक्री और हस्तांतरण आदि के आक्षेपों को देखते हुए, प्रशासन में सुधार के लिये नियंत्रण और संतुलन स्थापित करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है। हालांकि, विपक्ष और कुछ मुस्लिम संगठनों को यह आशंका रही है कि तथाकथित सुधारों का दुरुपयोग वक्फ मामलों में हस्तक्षेप करने और यहां तक कि संपत्तियों को जब्त करने के लिये किया जा सकता है। उनकी दृष्टि में एक विवादास्पद प्रावधान केंद्रीय वक्फ परिषद और राज्य वक्फ बोर्डों में गैर-मुस्लिम सदस्यों को शामिल करने से संबंधित रहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने ऐसे सदस्यों की संख्या को सीमित करने का प्रयास किया है। कहा गया कि कानून में पर्याप्त सुरक्षा उपाय होने चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अल्पसंख्यक समुदाय के अधिकारों का उल्लंघन न हो सके। दरअसल, विगत में विपक्ष आशंका जताता रहा है कि यह अधिनियम ध्रुवीकरण को बढ़ावा दे सकता है और सांप्रदायिक सद्भाव के लिये खतरा बन सकता है। उम्मीद की जानी चाहिए कि न्यायालय का अंतिम आदेश कानून से जुड़ी ऐसी तमाम आशंकाओं का समाधान कर सकेगा। देश के मौजूदा परिदृश्य में सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने के लिये वक्फ की समृद्ध क्षमता का दोहन करने पर राजनीतिक और धार्मिक सहमति बनाने की आवश्यकता है। निस्संदेह, शीर्ष अदालत का फैसला पूरी तरह से तार्किक आधार रखता है, जिसे संतुलन के हस्तक्षेप की संज्ञा दी जा रही है। जिससे मुस्लिम पक्ष की कतिपय आशंकाओं को दूर करने का ही प्रयास हुआ है। निस्संदेह, शीर्ष अदालत द्वारा किए गए संशोधन में संविधान की मूल भावना का ध्यान रखा गया है। इसके अतिरिक्त कोर्ट ने उन प्रावधानों पर भी रोक लगायी है, जो जिलाधिकारी या सरकारी अधिकारी को यह तय करने की शक्ति देते थे कि कोई वक्फ संपत्ति सरकारी भूमि है या नहीं। दरअसल, शीर्ष अदालत का मानना था कि जिलाधिकारी कार्यपालिका का अंग ही होता है। अगर उसे यह शक्ति दी जाती है तो यह शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत के खिलाफ होगा। जिसके मूल में यह सोच रही है कि लोकतंत्र के तीन आधारभूत स्तंभों विधायिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच शक्ति का संतुलन कायम रह सके। जाहिर है कि एक स्तंभ को अधिक शक्तियां मिलने से उसके निरंकुश व्यवहार करने की आशंका बनी रह सकती है। इसके अलावा वक्फ करने के न्यूनतम पांच बरस तक इस्लाम के अनुयायी होने वाले प्रावधान के सत्यापन हेतु राज्य सरकारों से नियम बनाने की जरूरत भी बतायी और तब तक इस प्रावधान पर रोक की बात कही। इस दिशा में राज्य सरकारों को विषय की संवेदनशीलता के मद्देनजर कदम उठाने की जरूरत है। बहरहाल, इस मुद्दे पर विपक्ष व कुछ मुस्लिम संगठनों के विरोध का जो आधार रहा है, उन मुद्दों को संवेदनशील ढंग से संबोधित करने का प्रयास शीर्ष अदालत ने किया है। दरअसल, अदालत ने विधायिका की सीमाओं में हस्तक्षेप किए बिना न्यायिक तार्किकता को प्राथमिकता दी है।

## रामचरित मानस

**पिछले अंक में आपने पढ़ा था कि सुख के निधान दोनों भाई जाकर नगर देख आओ। अपने सुंदर मुख दिखलाकर सब ( नगर निवासियों ) के नेत्रों को सफल करो॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**मुनि पद कमल बंदि दोउ भ्राता। चले लोक लोचन सुख दाता॥**
**बालक बृंद देखि अति सोभा। लगे संग लोचन मनु लोभा॥**

सब लोकों के नेत्रों को सुख देने वाले दोनों भाई मुनि के चरणकमलों की वंदना करके चले। बालकों के झुंड इन (के सौंदर्य) की अत्यन्त शोभा देखकर साथ लग गए। उनके नेत्र और मन (इनकी माधुरी पर) लुभा गए॥

**पीत बसन परिकर कटि भाथा। चारु चाप सर सोहत हाथा॥**
**तन अनुहरत सुचंदन खोरी। स्यामल गौर मनोहर जोरी॥**

(दोनों भाइयों के) पीले रंग के वस्त्र हैं, कमर के (पीले) दुपट्टों में तरकस बँधे हैं। हाथों में सुंदर धनुष-बाण सुशोभित हैं। (श्याम और गौर वर्ण के) शरीरों के अनुकूल (अर्थात जिस पर जिस रंग का चंदन अधिक फबे उस पर उसी रंग के) सुंदर चंदन की खौर लगी है। साँवरे और गोरे (रंग) की मनोहर जोड़ी है॥

**केहरि कंधर बाहु बिसाला। उर अति रुचिर नागमनि माला॥**
**सुभग सोन सरसीरुह लोचन। बदन मयंक तापत्रय मोचन॥**

सिंह के समान (पुष्ट) गर्दन (गले का पिछला भाग) है, विशाल भुजाएँ हैं। (चौड़ी) छाती पर अत्यन्त सुंदर गजमुक्ता की माला है। सुंदर लाल कमल के समान नेत्र हैं। तीनों तापों से छुड़ाने वाला चन्द्रमा के समान मुख है॥

(क्रमशः..)

# नरेन्द्र मोदी युगांतरकारी नेतृत्व के प्रतीक महामानव

नरेंद्र मोदी आज केवल भारत के प्रधानमंत्री नहीं, बल्कि वैश्विक परिदृश्य के सबसे प्रभावशाली नेताओं में गिने जाते हैं। उनका व्यक्तित्व और कृतित्व भारतीय लोकतंत्र की गौरवगाथा को नई ऊँचाइयों तक ले गया है। साधारण परिवार में जन्मा एक बालक, जिसने जीवन के संघर्षों को तपस्या की तरह जिया, आज विश्व राजनीति ही नहीं, सम्पूर्ण मानवता का मार्गदर्शक बन गया है। उनका जीवन इस बात का प्रमाण है कि यदि व्यक्ति में अटूट परिश्रम, कर्मनिष्ठा और राष्ट्रनिष्ठा का अदम्य संकल्प हो, तो वह इतिहास की धारा को भी मोड़ सकता है। नरेंद्र मोदी का उदय किसी एक व्यक्ति की उपलब्धि भर नहीं है, बल्कि यह भारत की जाग्रत चेतना और आत्मविश्वास का प्रतीक है। इक्कीसवीं सदी के भाल पर अपने कर्तृत्व की जो अमिट रेखाएं उन्होंने खींची हैं, वे विश्व राजनीति, मानवता एवं राष्ट्रीयता के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित रहेगी। राजनीति-क्रांति के साथ-साथ वे व्यक्ति-क्रांति एवं समाज-क्रांति के सूत्रधार है। उनके विराट व्यक्तित्व को किसी उपमा से उपमित करना उनके व्यक्तित्व को ससीम बनाता है। उनके लिये तो इतना ही कहा जा सकता है कि वे अनिर्वचनीय हैं। इस वर्ष उनका 75वां जन्मोत्सव मनाते हुए समूचा राष्ट्र अपूर्व गर्व और गौरव की अनुभूति कर रहा है।

मोदी का व्यक्तित्व अनेक विलक्षणताओं का समवाय है, वह कठोर परिश्रम और मिशनरी दृष्टिकोण का जीवंत उदाहरण है। उनके दिन और रात का प्रत्येक क्षण राष्ट्र के लिए समर्पित रहता है। वे चौबीस घंटे भारत के लिए जीते हैं और योजनाओं को केवल कागजों पर नहीं छोड़ते, बल्कि उन्हें धरातल पर उतारते हैं। उनका मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास केवल राजनीतिक नारा नहीं, बल्कि भारत के सामाजिक-सांस्कृतिक जीवन को नई दिशा देने वाला दर्शन है। उन्होंने राजनीति को सत्ता की होड़ से निकालकर सेवा और राष्ट्रनिर्माण का साधन बना दिया। काल के अनंत प्रवाह में 75 वर्षों का मूल्य बहुत नगण्य होता है, पर मोदी ने उद्देश्यपूर्ण जीवन जीकर जो ऊंचाइयां और उपलब्धियां हासिल की हैं, वे किसी कल्पना की उड़ान से भी अधिक है। अपने जीवन के सार्थक प्रयत्नों से उन्होंने इस बात को सिद्ध किया है कि साधारण पुरुष वातावरण से बनते हैं, किन्तु महामानव वातावरण बनाते हैं। समय और परिस्थितियां उनका निर्माण नहीं करती, वे स्वयं समय और परिस्थितियों का निर्माण करते हैं। साधारण पुरुष जहां अवसर को खोजते रहते हैं, वहां महापुरुष नगण्य अवसरों को भी अपने कर्तृत्व की छेनी से तराश कर महान् बना देते हैं।

नरेन्द्र मोदी का जन्म एवं पालन-पोषण वडनगर, बॉम्बे राज्य (वर्तमान गुजरात) में 17 सितंबर 1950 को हुआ। जहाँ उन्होंने अपनी माध्यमिक शिक्षा पूरी की। आठ साल की उम्र में उनका आरएसएस से परिचय हुआ और वे 1971 में गुजरात में संगठन के पूर्णकालिक कार्यकर्ता बन गए। और 1998 में महासचिव बने। वे भारतीय राजनीति के जुझारू, कर्मठ एवं जीवट वाले नेता हैं जो 2014 से भारत के प्रधानमंत्री के रूप में कार्यरत हैं। मोदी 2001 से 2014 तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहे और वाराणसी से सांसद हैं। इस वर्ष अपने 75वें जन्मदिन पर मोदी मध्य प्रदेश के धार जिले के भैंसोला गांव में रहेंगे। इस दिन प्रधानमंत्री मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड एपेरल पार्क का भूमि पूजन करेंगे। कपास आधारित उद्योगों पर आधारित यह पार्क 6 लाख किसानों को फायदा देगा। इसके अलावा स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ करेंगे, इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत कर उनकी पहुंच को बेहतर करना, गुणवत्तापूर्वक देखभाल और जागरूकता सुनिश्चित करना है। इसके अलावा महिलाओं के लिए कई अन्य योजनाओं की भी शुरुआत होगी।



> *नरेंद्र मोदी का नाम विश्व के शीर्ष नेताओं में गिना जाता है। टाइम और फोर्ब्स जैसी प्रतिष्ठित पत्रिकाएँ उन्हें दुनिया के सबसे शक्तिशाली व्यक्तियों की सूची में शामिल करती हैं। अमेरिका, रूस, फ्रांस, जापान जैसे देशों के शीर्ष नेतृत्व के साथ उनके व्यक्तिगत रिश्ते भारत की कूटनीति को नई ऊँचाइयों तक ले गए हैं।*

मोदी के नेतृत्व में भारत ने जिन उपलब्धियों को हासिल किया है, वे युगांतरकारी कही जा सकती हैं। आर्थिक क्षेत्र में जीएसटी, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया जैसी योजनाओं ने देश को नई गति दी। सामाजिक क्षेत्र में स्वच्छ भारत अभियान, उज्ज्वला योजना, जन धन योजना, आयुष्मान भारत जैसी पहल ने करोड़ों गरीबों को सम्मानजनक जीवन का आधार दिया। राष्ट्रीय सुरक्षा के मोर्चे पर सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक ने भारत की नई आक्रामक और निर्णायक छवि प्रस्तुत की। इन सबके बीच सबसे महत्वपूर्ण यह रहा कि मोदी ने भारतीय समाज में आत्मविश्वास का संचार किया और यह भावना मजबूत की कि भारत अब किसी से पीछे नहीं रहेगा। वैश्विक मंच पर नरेंद्र मोदी ने भारत की प्रतिष्ठा को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाया। संयुक्त राष्ट्र महासभा में उनके विचार, जी-20 शिखर सम्मेलन में भारत की अध्यक्षता, कोप-26 जैसे पर्यावरण मंचों पर उनकी स्पष्ट प्रतिबद्धता, विश्व को यह संदेश देती है कि भारत अब केवल दर्शक नहीं, बल्कि निर्णायक भूमिका निभाने वाला राष्ट्र है। कोविड महामारी के दौरान वैक्सीन मैत्री योजना ने यह सिद्ध कर दिया कि भारत अपनी सीमाओं से परे जाकर पूरी मानवता के लिए सोचता है। यही कारण है कि आज भारत को विश्वगुरु की भूमिका निभाने वाला देश माना जाने लगा है और नरेंद्र मोदी इस नई पहचान के प्रेरक बने हैं।

मेरे लिए भी नरेंद्र मोदी का व्यक्तित्व केवल दूर से देखने का विषय नहीं रहा, बल्कि उनके साथ जुड़े अनेक आत्मीय अनुभव आज भी मेरे जीवन की स्मृतियों में ताज़ा है। वर्ष 2007 में जब मैं सुखी परिवार फाउंडेशन के महामंत्री के रूप में कार्य कर रहा था, तब गुजरात के आदिवासी अंचल कवांट में एक विशाल आदिवासी सम्मेलन गणि राजेन्द्र विजयजी के नेतृत्व में हमने आयोजित किया था। उस सम्मेलन में नरेंद्र मोदी स्वयं पधारे थे। उस समय वे गुजरात के मुख्यमंत्री थे और कार्यक्रम में उपस्थित आदिवासी समाज की ऊर्जा और उत्साह के बीच गणि राजेन्द्र विजयजी ने बड़ी आत्मीयता से उनको कहा था-अब आप दिल्ली चलो। गणिजी का यह वाक्य केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक दूरदर्शी धर्मगुरु की अंतरदृष्टि थी, जो बाद में सार्थक भी हुई। गणि राजेंद्र विजयजी के प्रभाव से उस सम्मेलन में करीब डेढ़ लाख आदिवासी एकत्र हुए थे और मोदीजी ने उस सम्मेलन को जिस संवेदनशीलता और गंभीरता से संबोधित किया, वह उनकी लोकमंगलकारी दृष्टि और आदिवासी समाज के प्रति गहरी प्रतिबद्धता का प्रमाण था। मेरे लिए यह केवल एक व्यक्तिगत संस्मरण नहीं, बल्कि इस बात का साक्षात अनुभव है कि मोदीजी किस तरह जीवन के हर स्तर पर मिलने वाले लोगों और परिस्थितियों को दूरगामी दृष्टि से देखते हैं और उनमें राष्ट्र निर्माण की संभावनाएँ खोजते हैं।

मोदीजी के व्यक्तित्व का एक बड़ा पक्ष मानवीय संवेदनाओं से भरा हुआ है। चाहे गरीबों को पक्का मकान उपलब्ध कराना हो, किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में ठोस कदम उठाना हो, बेटियों की शिक्षा और सुरक्षा को सुनिश्चित करना हो या स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएँ आम जन तक पहुँचाना हो, मोदी का हर कदम जीवन को सरल और सम्मानजनक बनाने पर केंद्रित है। वे न्यूनतम सरकार और अधिकतम शासन के सिद्धांत पर चलते हुए प्रशासन को अधिक सक्षम और प्रभावी बनाते हैं। उनका नेतृत्व केवल आधुनिकता और विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि भारतीय संस्कृति और अध्यात्म से भी गहराई से जुड़ा हुआ है। उनके प्रयासों से योग को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली और 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का निर्णय हुआ। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, काशी विश्वनाथ धाम और केदारनाथ धाम का पुनरुद्धार उनके सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और आस्था के प्रति गहरे सम्मान को प्रकट करता है। इस प्रकार वे आधुनिक भारत और प्राचीन भारत की आत्मा के बीच एक सेतु का कार्य करते हैं।

आज नरेंद्र मोदी का नाम विश्व के शीर्ष नेताओं में गिना जाता है। टाइम और फोर्ब्स जैसी प्रतिष्ठित पत्रिकाएँ उन्हें दुनिया के सबसे शक्तिशाली व्यक्तियों की सूची में शामिल करती हैं। अमेरिका, रूस, फ्रांस, जापान जैसे देशों के शीर्ष नेतृत्व के साथ उनके व्यक्तिगत रिश्ते भारत की कूटनीति को नई ऊँचाइयों तक ले गए हैं। आतंकवाद, जलवायु परिवर्तन, शांति और विकास जैसे मुद्दों पर उनकी स्पष्ट और निर्णायक आवाज़ आज पूरी दुनिया सुनती है। उनका 75वां जन्मोत्सव केवल एक व्यक्ति के जीवन का उत्सव नहीं है, बल्कि उस युगांतरकारी यात्रा का प्रतीक है जिसने भारत को नई ऊँचाइयों की ओर अग्रसर किया है। वे उस नेतृत्व के धनी हैं जिसने भारत को विश्वगुरु बनाने की दिशा में ठोस कदम बढ़ाए हैं। कठोर परिश्रम, राष्ट्रनिष्ठा और मिशनरी दृष्टि से ओतप्रोत नरेंद्र मोदी भारतीय राजनीति का ही नहीं, विश्व राजनीति का भी स्वर्णिम अध्याय हैं। आने वाला समय इस बात का साक्षी बनेगा कि उनका नेतृत्व न केवल एक नए भारत का निर्माण करेगा, बल्कि विश्व को भी शांति, सहयोग और विकास का नया मार्ग दिखाएगा।

**- ललित गर्ग**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**

## पखवाड़ा भर की चांदनी, फिर अंधेरी रात

वे हमारे मोहल्ले की हर विनाशात्मक समिति के आमरण अध्यक्ष हैं। इसलिए वे ही हमारे मोहल्ले की हिंदी शॉर्ट टर्म विकास समिति के अध्यक्ष भी हैं। उनके होते मोहल्ले की किसी भी समिति के दूसरे अध्यक्ष की कल्पना करना पाप नहीं, जघन्य पाप है। उनका हर भविष्य के होने वाले अध्यक्ष को खुला चैलेंज है कि वे शरीर में रहकर ही नहीं, अशरीरी होने के बाद भी मोहल्ले की हर समिति के अध्यक्ष का भार मजे से ऊपर से भी उठाते रहेंगे।

बीसियों मोहल्ला समितियों के अध्यक्ष का दायित्व कुशलतापूर्वक निभाने वाले हिंदी पखवाड़े की अल्पकालीन हिंदी विकास समिति के अध्यक्ष होने का दायित्व भी निभाने के चलते कल उनका फोन आया, 'और हिंदी प्रेमी कैसे हो?'

'आपकी कृपा बरसने का इंतजार कर रहा था महोदय!' हिंदी पखवाड़े में तो कम से कम हिंदी हो ही जानी चाहिए।

'तो लो बरस गई मेरी कृपा', वे फोन पर ही ऐसे हंसे जैसे पंद्रह दिन की चांदनी में फिर अंधेरे साल वाली पगली हिंदी उन्मादिनी मंच मंच अंग्रेजी पर गुर्राती अपने पर गर्वाते गर्वाते हसंती रहती है।

'तुम्हें साल भर से जिस हिंदी पखवाड़े का बेसब्री से इंतजार रहता है, लो, वह हिंदी पखवाड़ा आ गया। मन की गहराइयों से मानसिक बधाई!' दूसरी ओर से वे भी हिंदीमय हुए। मतलब, हिंदी प्रेमी से हिंदी प्रेमी मिले कर कर हिंदी में बात।

'मतलब?' मैं समझते हुए भी नासमझ बना रहा और पिछले साल हिंदी पखवाड़े में पढ़ी कविता कहां रखी थी, दिमाग पर जोर डालता उसे ढूंढता रहा। वैसे ढूंढ तो मैं उसे हिंदी पखवाड़ा शुरू होने से पहले ही रहा था। पर वह पता नहीं मेरे साथ क्यों चोर सिपाही का खेल खेल रही थी, 'महोदय, मैं तो सोचा था कि अबके आप मुझे भूल जाएंगे?'

'पखवाड़े भर हिंदी विनाश समिति वाले किसी को भी नहीं भूलते। न जिंदा हिंदी लेखकों को न दिवंगत लेखकों को। तुम्हें भूलकर हिंदी से जूते खाने हैं क्या?' 'ये तो आपकी सदाशयता है महोदय! वर्ना हम टुच्चे लेखक किस काम के।'

'तो ऐसा है कि कल हम मोहल्ले के कम्युनिटी हाल में हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत एक दिन हिंदी के नाम का आयोजन कर रहे हैं।'

'तो?' मेरे भीतर बासी कविता ताजी हो कुलबुलाने लगी।

'तो क्या बंधु! तुम तो ऐसे सवाल कर रहे हो जैसे अंग्रेजी के पैदाइशी समर्थक हो। कल ठीक दस बजे कार्यक्रम शुरू हो जाएगा। गेस्ट ऑफ ऑनर के लिए हिंदी के नामचीन दिवंगत लेखक खास तौर पर आमंत्रित किए गए हैं। इस अवसर पर हम उन्हें दिवंगत हिंदी सेवी सम्मान से पुरस्कृत कर उपकृत होंगे। और वे अपने पड़ोस के चौबे जी हैं न! वे राज हिंदी! खाज हिंदी! विषय पर अपना पिछले साल वाला संशोधित मौलिक शोध पत्र पढ़ेंगे। उसके बाद उनके शोध पत्र पर चर्चा होगी। उसके बाद लंच होगा। लंच के बाद हिंदी की प्रशंसा में कविता पाठ चलेगा। तुम तो जानते ही हो कि किसी की जयंती हो या पुण्यतिथि। कविता के बिना कोई भी जयंती या पुण्यतिथि संपूर्ण नहीं मानी जाती।'

'अबकी बार किस हिंदी मेवी को कार्यक्रम स्पांसर करवाने को फंसाया है?' 'हैं एक सज्जन जो हिंदी में हर क्लास में फेल होते रहे थे। उनसे आज भी हिंदी में लिखा तो कुछ नहीं जाता, पर उनका हिंदी प्रेम! बाप रे बाप! इसलिए वे हिंदी प्रेमियों को खिला हिंदी में पास होने की कोशिश करेंगे। अच्छा तो फोन काटता हूं। अभी हिंदी कार्यक्रम के सर्वथा नवीन अध्यक्षीय भाषण की भी तैयारी करनी है', कह उधर उन्होंने फोन काटा तो इधर मैं हिंदी का ठरकी प्रेमी मयूर हो नाचा।

**-अशोक गौतम**

## राशिफल

**भाद्रपद माह, शुक्ल पक्ष द्वादशी** | **(विक्रम संवत् 2082)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
गृह कलह से बचें। भौतिक सुख, सुविधा में वृद्धि होगी। मां का साथ भी मिलेगा। प्रेम, संतान भी अच्छा।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
व्यापारिक स्थित सुदृढ होगी। अपनों का साथ होगा। स्वास्थ्य पहले से बेहतर। प्रेम,संतान अच्छा। व्यापार अच्छा।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
धन आगमन होगा। कुटुंबों में वृद्धि होगी। लिक्विड फंड में बढ़ोतरी होगी। लेकिन निवेश वर्जित रहेगा।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
शुभ समय शुभता के प्रतीक इन दिनों हैं। सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी हो रहा है। प्रेम, संतान अच्छा है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी। सिर दर्द, नेत्र पीड़ा इत्यादि बना रहेगा। प्रेम, संतान अच्छा है।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
व्यवसायिक सफलता मिलेगी। उच्च अधिकारियों का साथ मिलेगा। कोर्ट कचहरी में विजय मिलेगी।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
तुला राशि की स्थिति अच्छी है। भाग्य साथ देगा। रोजी रोजगार में तरक्की करेंगे। पिता का साथ होगा।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
यात्रा का योग बनेगा। धर्म-कर्म में हिस्सा लेंगे। स्वास्थ्य में सुधार हो चुका है। प्रेम, संतान मध्यम है, व्यापार अच्छा है।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
चोट चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। नौकरी चाकरी की स्थिति अच्छी होगी।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
शत्रुओं पर दबदबा कायम रहेगा। लेकिन शत्रु सक्रिय रहेंगे। स्वास्थ्य थोड़ा प्रभावित रहेगा। प्रेम, संतान ठीक है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
लिखने पढ़ने में समय व्यतीत करें। विद्यार्थियों के लिए अच्छा समय और कुछ भी नई शुरुआत करने के लिए लिखने पढ़ने के लिए अच्छा।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर भाजपा ने चलाया स्वच्छता अभियान



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** सेवा ही संकल्प और राष्ट्र प्रथम ही प्रेरणा की भावना के साथ, भाजपा ने सेवा पखवाड़ा (17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025) के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया। ग्रेटर नोएडा परी चौक स्थित झांडे वाले बाबा मंदिर में प्रभारी मंत्री कुंवर बृजेश सिंह के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा और भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता अभियान चलाया।

साथ ही भाजपा जिला कार्यालय पर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया गया और दादरी में जन स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर लोगों में फलों का वितरण भी किया गया।

प्रभारी मंत्री कुंवर बृजेश सिंह ने कहा कि यह अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी के स्वच्छ भारत मिशन को साकार करने की दिशा में एक ठोस कदम है। उनका संकल्प— स्वच्छता ही सेवा है— देश को नई ऊर्जा और दिशा दे रहा है। उन्होंने कहा कि जन-जन की भागीदारी से ही राष्ट्र स्वच्छ और सशक्त बन सकता है।

दादरी विधायक तेजपाल नागर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी न केवल देश में बल्कि पूरी दुनिया में लोकप्रिय नेता हैं। उनके जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं द्वारा सेवा पखवाड़ा आयोजित करना उनके संकल्प को साकार करने का प्रतीक है।

जिला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने बताया कि पूरे देश में भाजपा सेवा पखवाड़े के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर रही है। गौतमबुद्धनगर जिले के कार्यकर्ता रक्तदान कर, स्वच्छता अभियान चलाकर और स्वास्थ्य केन्द्रों पर फलों का वितरण कर प्रधानमंत्री मोदी के स्वच्छता मिशन को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने बताया कि ये कार्यक्रम 2 अक्टूबर तक निरंतर जारी रहेंगे।

इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला महामंत्री धर्मेन्द्र कोरी, दीपक भारद्वाज, मनोज गर्ग, जिला उपाध्यक्ष देवा भाटी, सतेन्द्र नागर, पवन नागर, राहुल पंडित, कर्मवीर आर्य, सत्यपाल शर्मा, राज नागर, अमित शर्मा, गुरुदेव भाटी, अर्पित तिवारी, राजीव सिंघल, महेश शर्मा, संगीता रावल, अभिषेक कौशिक, विजय कसाना सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आईआईए के 40 साल, उद्योग जगत के योगदान का उत्सव




**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ग्रेटर नोएडा चैप्टर ने अपनी स्थापना के 40 वर्षों की उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए आज विशेष गोष्ठी का आयोजन किया। यह कार्यक्रम एसोसिएशन के चार दशक लंबे सफर, उद्योग जगत में निभाई गई सक्रिय भूमिका और सदस्यों के समर्पण को याद करने का अवसर रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ केक काटकर किया गया, जिससे इस ऐतिहासिक दिन को उत्सव का स्वरूप मिला। गोष्ठी में आगामी दीपावली उत्सव के आयोजन पर भी चर्चा हुई और इसे और आकर्षक, सहभागिता पूर्ण एवं भव्य बनाने के उपाय साझा किए गए।

आईआईए के चेयरमैन सरबजीत सिंह ने कहा कि आईआईए केवल उद्योगों का मंच नहीं, बल्कि उद्यमियों का परिवार है। 40 वर्षों की यह यात्रा हमारी एकता, संघर्ष और उपलब्धियों का प्रतीक है। आने वाले समय में भी हम इसी सहयोग और ऊर्जा से आगे बढ़ेंगे।

गोष्ठी में चेयरमैन सरबजीत सिंह के साथ वरिष्ठ पदाधिकारी और सदस्य जगदीश सिंह, हिमांशु पांडे, विशारद गौतम, जेड रहमान, विपिन माहना, सर्वेश गुप्ता, जे.एस. राणा, अमित शर्मा, मनोज सिराधना, यशराज खंडेलिया, नवीन गुप्ता, प्रदीप शर्मा, प्रमोद गुप्ता और विजय गोयल सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# शारदा विश्वविद्यालय में धूमधाम से मनाई विश्वकर्मा जयंती



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेनो के नॉलेज पार्क स्थित शारदा विश्वविद्यालय में मंगलवार को निर्माण और शिल्प के देवता भगवान विश्वकर्मा की जयंती श्रद्धा-भक्ति और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भजन-कीर्तन और भंडारे का आयोजन किया गया।

विश्वकर्मा जयंती का यह आयोजन इंजीनियरिंग, तकनीकी और रचनात्मक क्षेत्रों में कार्यरत छात्रों, संकाय सदस्यों और कर्मचारियों को भगवान विश्वकर्मा का आशीर्वाद प्राप्त करने और उनके योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर प्रदान करता है।

विश्वविद्यालय के डायरेक्टर पीआर डॉ. अजीत कुमार ने कहा कि यह पर्व नवाचार, रचनात्मकता और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि इस आयोजन से संकाय, छात्रों और कर्मचारियों में तकनीकी उपकरणों, मशीनों और तकनीकों के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ती है और मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग में एकता और सहयोग को मजबूत किया जाता है।

डॉ. अजीत कुमार ने आगे कहा कि प्रतिभागियों को सतत विकास, कौशल और जिम्मेदार दृष्टिकोण के साथ शैक्षणिक एवं व्यावसायिक विकास के लिए प्रेरित करना इस जयंती का मुख्य उद्देश्य है।

# भाजयुमो अध्यक्ष ने किया प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर रक्तदान


**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) ने सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत भाजपा जिला कार्यालय पर भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

शिविर का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार में पीडब्ल्यूडी राज्यमंत्री एवं जनपद प्रभारी मंत्री कुंवर बृजेश सिंह ने किया। उनके साथ विधान परिषद सदस्य नरेंद्र भाटी, दादरी विधायक तेजपाल नागर, भाजपा जिला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राज नागर और प्रवासी क्षेत्रीय मंत्री युवा मोर्चा काजल त्यागी मौजूद रहे।

प्रभारी मंत्री कुंवर बृजेश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर सेवा कार्यों के माध्यम से जनता तक पहुंचने का प्रयास भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश का युवा आज भी प्रधानमंत्री मोदी पर अटूट विश्वास करता है और भाजयुमो पूरे देश में महारक्तदान अभियान को सफलतापूर्वक आगे बढ़ा रहा है।

भाजपा के जिला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया और उन्हें सर्टिफिकेट व वॉटर बॉटल देकर सम्मानित किया। उन्होंने युवा मोर्चा की टीम को सफल आयोजन के लिए बधाई भी दी।

भाजयुमो जिलाध्यक्ष राज नागर ने बताया कि जिले भर से सैकड़ों युवाओं ने इस शिविर में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और रक्तदान कर समाज सेवा का संदेश दिया।



इस अवसर पर धर्मेंद्र कोरी, दीपक भारद्वाज, मनोज गर्ग, अर्पित तिवारी, संजय चैची, सतेंद्र नागर, राजीव सिंघल, महेश शर्मा, सुशील भाटी, रवि जिंदल, मनोज भाटी, मनोज प्रधान, बिजेंद्र रावल, समरपाल चौहान, शक्ति सिंह, बालेश्वर नागर, अतुल गुर्जर, जीवन भाटी, आकाश सिंघल, गौरव पटेल, बृजेश ठाकुर, अनुभव दुबे, सुनील शर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री ने देश का नाम विश्व में उंचा किया : पंडित

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पूरे देश में 75वां जन्मदिन सेवा पखवाड़ा के रूप में भाजपा कार्यकर्ता मना रहे हैं।



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता उधम पंडित ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन जगह-जगह मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आज 75 वर्ष के पूरे हो गए। उन्होंने कहा कि जन्मदिन सेवा पखवाड़ा के रूप में आगामी 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक मनाया जाएगा।

उन्होंने प्रधानमंत्री के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी ने जब से प्रधानमंत्री पद की शपथ ली है तभी से देश निरंतर तेजी के साथ आगे बढ़ा है। उन्होंने कहा कि आज भारत की विश्व के पटल पर एक अलग पहचान बनी हुई है। उन्होंने कहा कि रोजगार से लेकर रक्षा क्षेत्र में भी भारत ने बड़ी उपलब्धि हासिल करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि हर पार्टी कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन सेवा पखवाड़ा के रूप में मना रहा है। सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता अभियान, रक्तदान, गरीबों में फल वितरण का कार्यक्रम का आयोजन जगह-जगह किया जा रहा है।

# स्वच्छता अभियान को अपनाएं एवं प्रेरित करें : पंकज शर्मा



**नोएडा ( चेतना मंच )।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर शुरू किए गए सेवा पखवाड़ा के तहत फेस-2 स्थित फल एवं मंडी समिति में भी स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर मंडी समिति के सचिव पंकज शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किया गया स्वच्छता अभियान के तहत मंडी समिति में भी तेजी के साथ स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को चाहिए कि वे स्वच्छता अभियान को अपने जीवन में अपनाएं और दूसरों को भी स्वच्छता के प्रति प्रेरित करें।

मंडी सचिव पंकज शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश को नई दिशा देने का काम किया है और हम सभी उन्हीं के कार्यों का अनुसरण कर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने मंडी समिति के सभी व्यापारियों, कर्मचारियों एवं अधिकारियों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग स्वच्छता के प्रति जागरूक रहें और दूसरों को भी जागरूक करें।

उन्होंने विशेषकर व्यापारियों का आवाहन करते हुए कहा कि सभी व्यापारी अपने-अपने दुकानों और उनके सामने किसी भी प्रकार की गंदगी न फैलने दें, जिससे लोगों को समस्या का सामना न करना पड़े। मंडी सचिव ने कहा कि मंडी समिति में हर रोज हजारों की संख्या में लोग व्यापार करने और खरीददारी करने आते-जाते हैं, ऐसे में यहां सफाई का विशेष महत्व है। यदि कोई व्यापारी गंदगी फैलाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने में कोई संकोच नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि व्यापारी हमारे देश के विकास में अपनी अग्रणी भूमिका निभाते आए हैं और इसके लिए हम सभी व्यापारियों का सम्मान करते हैं।

## किसान ने दिया धरना प्रदर्शन की चेतावनी



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** गोदरेज बिल्डर से परेशान बिरौडा गांव निवासी किसान राकेश ने प्राधिकरण से मांग किया है कि जब तक कोर्ट का कोई फैसला न आ जाये तब तक गोदरेज का करवा दिया जाये। किसान राकेश ने कहा कि हम अपनी मांग को लेकर 20 सितम्बर को धरना प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण हमारी मांग को गंभीरता लें।






दैनिक चेतना मंच

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com raghuvanshirampal365@gmail.com raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in

www.chetnamanch.com

# कांग्रेस ने शुरू किया 'वोट चोरी' हस्ताक्षर अभियान

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष दीपक भाटी चोटीवाला ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के प्रमुख नेता राहुल गांधी ने हाल ही में देशव्यापी साक्ष्यों के साथ वोट चोरी की वास्तविकताओं को उजागर किया। उन्होंने कहा कि इससे देश के नागरिकों को लोकतंत्र की सुरक्षा पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता महसूस हुई।

दीपक भाटी चोटीवाला ने बताया कि शीर्ष कांग्रेस नेतृत्व के निर्देशानुसार पूरे जनपद में %वोट चोरी% हस्ताक्षर अभियान आज से शुरू कर दिया गया है। इस अभियान के तहत कांग्रेस कार्यकर्ता घर-घर जाकर आम जनमानस में जागरूकता फैलाएंगे और राष्ट्रपति महोदया को भेजे जाने वाले मांग पत्र पर हस्ताक्षर करवाएंगे।

अभियान जिले के सभी 60 मंडलों, चार ब्लॉकों, एक नगर पालिका और पांच नगर पंचायत क्षेत्रों के साथ ही ग्रेटर नोएडा के सेक्टरों व सोसायटियों में सघन रूप से चलाया जाएगा।




जिला अध्यक्ष ने कहा कि वोट चोरी एक गहरी जड़ वाला पैटर्न है और जनपद गौतमबुद्ध नगर इस मामले की एक प्रयोगशाला के रूप में उभर रहा है। उन्होंने बताया कि पूरे उत्तर प्रदेश के लोकसभा चुनाव परिणामों में गठबंधन दलों ने सत्ता पक्ष को चुनौती दी थी, लेकिन गौतमबुद्ध नगर के नतीजे अलग क्रोनोलॉजी दिखा रहे हैं।

हस्ताक्षर अभियान के तहत मांग पत्र में शामिल प्रमुख मुद्दे हैं मशीन रीडेबल वोटर लिस्ट का सार्वजनिक होना, जोड़े और काटे गए मतदाताओं की सूचियों का फोटो सहित सार्वजनिक होना, सुलभ शिकायत निवारण प्रणाली लागू करना, वोटरों के दमन में शामिल अधिकारियों और एजेंटों पर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करना। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष व संगठन प्रभारी मुकेश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष निशा शर्मा, जिला उपाध्यक्ष नीरज लोहिया, अनुसूचित जाती मोर्चा चेयरमैन धर्म सिंह, पिछड़ा वर्ग चेयरमैन अरुण भाटी, कपिल भाटी, गौतम सिंह, देवेश चौधरी, कैलाश बंसल, रूबी चौहान, अरविन्द रेक्सवाल, उपेंद्र सिंह, लोकेश भाटी, अनिल कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।







# राम-राम वैलनेस क्लब ने शुरू किया 'पुश-अप इंडिया' अभियान

**नोएडा (चेतना मंच)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर नोएडा के युवा आईटी प्रोफेशनल्स द्वारा गठित 'राम-राम वैलनेस क्लब' ने आम जनमानस के बीच स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के लिए 'पुश-अप इंडिया अभियान' शुरू किया है। इस अभियान के अंतर्गत 2 जून से 17 सितंबर तक रोजाना 108 पुश-अप लगाए गए। नोएडा मीडिया क्लब में आयोजित प्रेसवार्ता में अभियान के संयोजक मनोज शर्मा और सहसंयोजक गिरीश पांडे ने बताया कि प्रत्येक दिन अलग-अलग प्रकार के पुश-अप लगाकर अंत में 108 पुश-अप की प्रतीकात्मक माला भगवान श्रीराम को अर्पित की गई और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई।




मनोज शर्मा ने कहा कि अभियान का उद्देश्य युवाओं में फिटनेस, सेवा और राष्ट्र निर्माण की भावना जगाना है। उन्होंने चिंता जताई कि खराब जीवनशैली के कारण कैंसर, मधुमेह, लिवर, किडनी और हृदय रोगियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान अस्पतालों की संख्या बढ़ाने में नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाने में है।

वरिष्ठ मीडियाकर्मी प्रशांत गुप्ता ने कहा कि 75 वर्ष की आयु में भी प्रधानमंत्री मोदी की ऊर्जा और कार्यशैली युवाओं के लिए प्रेरणा है। वहीं गिरीश पांडे ने कहा कि यह अभियान 'सेवा पखवाड़ा' के माध्यम से स्वास्थ्य, स्वच्छता और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश देता है।

'राम-राम वैलनेस क्लब' के संयोजक मनोज शर्मा ने बताया की 108 दिनों की पुश-अप सीरीज को 17 सितम्बर को नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर उन्हें समर्पित किया है,वहीं आम जनमानस में स्वास्थ्य जागरूकता के उद्देश्य के साथ 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक 'राम-राम वैलनेस क्लब' नोएडा के पार्कों, स्कूलों में जाकर विभिन्न कार्यक्रम और पुश-अप प्रतियोगिता आयोजित कराई जाएंगी।

# बाढ़ पीड़ितों के लिए मदद का हाथ बढ़ाया

**नोएडा (चेतना मंच)।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता कुँवर बिलाल बर्नी के परिजननो और ग्रामवासी गाँव रसूलपुर उर्फ नारायणपुर से पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री को लेकर गाँव के इमाम मोलाना मुहम्मद महबूब के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल पंजाब पहुंचा।

इस प्रतिनिधिमंडल को पूर्व प्रधानाचार्य अख़लाक़ अहमद , पूर्व प्रधान राव खलीक खाँ, पूर्व प्रधान अबरार अहमद , राव शकील अहमद ,राव सदाकत अली कुँवर छुट्टन ख़ाँ , कुँवर जुबेर अहमद, राव खालिद अली, राव नईम खाँ ,राव अरशद राव वसीम अहमद ,कुँवर सुहैल अहमद, मास्टर कुँवर इमरान, कुँवर अरशद बर्नी ,राव सेफउर रेहमान, हाफिज, शराफत राव, शाहनवाज़ खाँ , समेत अन्य सैकड़ो ग्रामवासियो ने प्रतिनिधिमण्डल को पंजाब के लिए रवाना किया। इस प्रतिनिधिमंडल में मुहम्मद आरिफ चौहान, अशरफ़ अली,साहेनजर, आसीम, हैदर, मुस्तकिम ,मुहम्मद कैफ, अशरफ ठाकुर, अब्दुल और इर्शाद शामिल रहे। पंजाब में, मौलाना मुफ्ती उस्मान साहब से मुलाकात के बाद, प्रतिनिधिमंडल ने जिला फिरोजपुर के गाँव में बाढ़ पीड़ितों के लिए राशन और आर्थिक सहायता प्रदान की। इस दौरान, पंजाबी





परिवारों ने प्रतिनिधिमंडल का पगड़ी बांधकर सम्मानित किया। प्रतिनिधिमंडल ने पंजाबी लोगों की हिम्मत और मेजबानी की सराहना की और गाँव रसूलपुर उर्फ नारायणपुर के लोगों की मदद करने के लिए धन्यवाद दिया।

# अस्पताल से महिला डाक्टर का पर्स चोरी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** चोरों ने अलग-अलग स्थानों पर पर्स व मोबाइल चोरी की दो घटनाओं को अंजाम दिया। चोर एक निजी अस्पताल की ओपीडी से महिला डॉक्टर का पर्स भी चोरी कर ले गए।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट की गौर सिटी-2 में स्थित सर्वोदय हॉस्पिटल में कार्यरत डॉक्टर निशा जैन ने अपना पर्स चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। डॉ. निशा जैन ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि 9 सितंबर की सुबह वह अस्पताल में राउंड पर गई थी। उसका पर्स उसके केबिन में ही रखा हुआ था। करीब 10 बजे उनके मोबाइल पर एक गलत पासवर्ड से एटीएम ट्रांजेक्शन का मैसेज आया। वह तुरंत अपने केबिन में पहुंची तो उन्हें पर्स गायब मिला। इसके बाद उन्होंने अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरा की जांच कराई तो एक व्यक्ति उनके कक्ष में घुसता हुआ दिखाई दिया। इसके बाद वह उनके पर्स को लेकर केबिन से निकल गया। डॉक्टर के मुताबिक उनके पर्स में ड्राइविंग लाइसेंस, दो एटीएम कार्ड, ढाई हजार रुपए रखे हुए थे।

वहीं थाना सेक्टर-20 में सेक्टर-135 निवासी अखिलेश कुमार ने मोबाइल फोन चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अखिलेश कुमार ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि 6 सितंबर की शाम को वह नोएडा के सेक्टर-18 मेट्रो स्टेशन गया था वह मेट्रो ट्रेन में चढ़ रहा था इस दौरान भीड़ का फायदा उठाते हुए किसी व्यक्ति ने उसका मोबाइल फोन निकाल लिया। फोन चोरी होने का एहसास होने पर उसने अपने नंबर पर किसी व्यक्ति का मोबाइल फोन लेकर कॉल की तो वह स्विच ऑफ मिला। पीड़ित के मुताबिक उसके मोबाइल फोन में उसकी नौकरी, शिक्षा संबंधी दस्तावेज, बैंक विवरण, विभिन्न जरूरी कागजातों की फोटो व अन्य महत्वपूर्ण डाटा स्टोर है। अखिलेश कुमार ने अपने डाटा के दुरुपयोग होने की भी आशंका जताई है। पुलिस का कहना है कि पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।

# प्रधानमंत्री के 75वें जन्मदिवस पर चलाया स्वच्छता अभियान



**भदोही।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत हमारे देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर जन्मदिन को सादगी और सेवा भाव से मनाने का निर्णय लिया गया।

कार्यक्रम का मुख्य अतिथि के.पी. श्रीवास्तव, एम.एल.सी. एवं पूर्व मेयर प्रयागराज थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने की, जबकि संयोजन जिले में नागेंद्र सिंह एवं संचालन में अखंड प्रताप सिंह, कपिल मिश्रा और गोवर्धन राय शामिल रहे।

मुख्य अतिथि केपी श्रीवास्तव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन एक संत की तरह है और उनके कार्यों से प्रेरणा लेकर समाज में सेवा भाव फैलाना हमारा कर्तव्य है।

इस अवसर पर युवा मोर्चा के सौजन्य से जिला अस्पताल महाराजा चेत सिंह ज्ञानपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने रक्तदान कर इसे सफल बनाया। इसके साथ ही जी.आई.सी. इंटर कॉलेज ज्ञानपुर में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री द्वारा किए गए कार्यों और उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया। उपस्थित लोगों ने इसे देखकर प्रेरणा प्राप्त की।

मुख्य अतिथि ने हरिहरनाथ मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया और संदेश दिया कि क्षेत्र, गांव और देश स्वच्छ रहने पर ही सभी स्वस्थ रह सकते हैं। इसके अतिरिक्त कृषि विभाग द्वारा चित्रांगना लान में भी किसानों के लिए सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किए गए।

जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के बैनर तले हम सभी देशहित में कार्य कर रहे हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाड़ा को सफल बनाने में पूरी मेहनत कर रहे हैं।

इस अवसर पर जिलाधिकारी शैलेश कुमार, सीडीओ, कृषि अधिकारी अवनीश सिंह, सांसद भदोही डॉ. विनोद बिंद, विधायक ज्ञानपुर विपुल दुबे, विधायक अराई दिना नाथ भास्कर, पूर्व विधायक रविंद्र नाथ त्रिपाठी आदि लोग मौजूद रहे।

## जेठ-जिठारी पर गाली-गलौज का आरोप

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना बिसरख में एक महिला ने अपने पति जेठ व जेठानी के खिलाफ गाली गलौज को मारपीट करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट के निराला सोसाइटी में रहने वाली मोहिनी (काल्पनिक नाम) ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि 24 मई को उसके पति निखिल, जेठ जतिन कुमार व जेठानी गायत्री ने उसके साथ बेवजह गाली गलौज की। उसने जब इसका विरोध किया तो तीनों ने उसके साथ मारपीट की। मारपीट में उसे काफी चोट आई। इसके बाद तीनों आरोपियों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस का कहना है कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।

## बालकनी में लगा एंगल बना विवाद की जड़

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की एक सोसायटी में फ्लैट स्वामी द्वारा अपनी बालकनी में लोहे का एंगल लगाना विवाद का कारण बन गया है। एंगल लगाने का विवाद को लेकर फ्लैट स्वामी व पड़ोसियों में अक्सर गाली-गलौज व झगड़ा होता है। इस संबंध में सोसायटी की मेंटेनेंस के डिप्टी जनरल मैनेजर ने थाना बिसरख में मुकदमा दर्ज कराया है। हरी नगर दिल्ली निवासी अभय कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 14 एवेन्यू गौर सिटी-2 में मेंटेनेंस के डिप्टी जनरल मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। समिति के एल टावर में रहने वाले मनीष पंडित व उनकी पत्नी निकिता पंडित ने अपने फ्लैट की बालकनी में मेंटेनेंस एग्रीमेंट के पैरा-33 का उल्लंघन कर नियम विरुद्ध लोहे के एंगल लगाए हुए हैं। उनके पड़ोस में रहने वाले आयुष राज व अलका प्रसाद को बालकनी में लगे एंगल से आपत्ति है। 18 जुलाई को इस बात को लेकर दोनों पक्षों में जमकर गाली-गलौज हुई। समिति के लोगों ने दोनों पक्षों को कई बार बैठक कर समझाने का प्रयास किया लेकिन कोई हल नहीं निकला। अभय कुमार के मुताबिक लोहे के एंगल के विवाद में दोनों पक्षों के बीच में अक्सर गाली-गलौज होती है। इससे समिति के लोग खुद को असहज महसूस करते हैं और इससे माहौल भी खराब हो रहा है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# नौकरी छोड़ी, साथ ले गया जरूरी दस्तावेज

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** गोल चक्कर के पास स्थित एमके कंस्ट्रक्शन गोदरेज गोल्फ लिंक्स के कर्मचारियों के खिलाफ थाना सूरजपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। कंपनी मालिक का आरोप है कि कर्मचारियों ने बिना बताए नौकरी छोड़ दी और कंपनी के बिलिंग पेपर, लैटर हैड व स्टांप सहित अन्य जरूरी कागजातों को अपने साथ ले गया है।

नोएडा के सेक्टर-53 में रहने वाले मंजीत यादव ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसकी कंपनी एमके कंस्ट्रक्शन गोदरेज गोल्फ लिंक्स में जनपद मऊ का रहने वाला अंकित चौहान नौकरी करता था। जून माह में अंकित ने व्हाट्सएप पर उसे बताया कि उसके पापा की तबीयत खराब है इसलिए वह घर जा रहा है। इसके बाद वह कंपनी में काम पर वापस नहीं लौटा। इस दौरान उन्हें पता चला कि अंकित चौहान ने नौकरी छोड़ दी है और वह अपने साथ कंपनी के बिलिंग पेपर लेटर हेड स्टांप में अन्य जरूरी कागजातों को साथ ले गया है।

उन्होंने अंकित चौहान को फोन किया तो उसने कहा कि वह उसे 80 हजार रुपए का भुगतान करें तो वह उनका सामान लौटा देगा। मंजीत यादव के मुताबिक अंकित चौहान के सैलरी के महज 50 हजार रुपए निकाल रहे हैं। उन्होंने अंकित से कहा कि वह साइट पर जाकर अपना हिसाब कर ले और अपनी सैलरी के पैसे लेकर उन्हें उनके दस्तावेज लौटा दे। इस पर उसने आने से इंकार कर दिया। पुलिस का कहना है कि कंपनी मालिक की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

## पृष्ठ एक के शेष....

**सॉफ्टवेयर के जरिए...**

सबसे पहले तो यह वह 'H बम नहीं है, असली H'-बम अभी आने वाला है। यह तो बस एक और पड़ाव है, जिसके जरिए देश के युवाओं को दिखाया जा रहा है कि चुनावों में किस तरह गड़बड़ी की जा रही है। उन्होंने कहा, मैं पुख्ता सबूतों के साथ अपनी बात कह रहा हूं. देश का दलित और ओबीसी इनके निशाने पर है। मुझे अपने देश और संविधान से प्यार है और मैं अपने संविधान की रक्षा करूंगा। राहुल ने दावा किया कि कर्नाटक के आलंद में 6018 वोट खत्म किए गए।

**राहुल के आरोप...**

विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं को हटाने के कुछ असफल प्रयास किए गए थे और मामले की जांच के लिए ईसीआई के प्राधिकारी द्वारा स्वयं एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। रिकॉर्ड के अनुसार, अलंद विधानसभा क्षेत्र 2018 में सुभाध गुट्टेदार (भाजपा) और 2023 में बीआर पाटिल (कांग्रेस) ने जीता था।

**निजी कंपनी की ...**

आग को देख ड्राइवर ने बस से कूदकर अपनी जान बचाई, लोगों ने इसकी सूचना फायर बिग्रेड को दी। सूचना पर मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड की गाडी ने आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक बस जलकर खाक हो गई थी। बस में कोई सवारी न होने के कारण कोई जनहानि नही हुई है। फायर ब्रिगेड के अधिकारी आग लगने के कारण की जांच कर रहे है।

**जीएसटी की दरें...**

को घटकर हर वर्ग को काफी राहत प्रदान दी है जो अपने आपमें एक ऐतिहासिक कदम है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी, पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर, उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष विमला बाथम, भाजपा के जिला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा, नोएडा महानगर अध्यक्ष महेश चौहान, हरिश्चंद्र भाटी, विजेंद्र नागर, शिवराज चौहान, मनोज गुप्ता, राकेश शर्मा, पूर्व मंत्री मदन चौहान, डॉ. वीएस चौहान, अमित त्यागी, ओमवीर अवाना, डिंपल आनंद, धर्मेंद्र गुप्ता, महेश अवाना, भूपेश चौधरी, उमानंदन कौशिक, अशोक मिश्रा, चंदगीराम यादव, विनोद शर्मा समेत भाजपा के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

**झपटमारों ने...**

कराई है। आशीष यादव ने बताया कि रात्रि के समय वह सड़क पर वॉक कर रहा था। वह करने के दौरान वह अपने परिचित से फोन पर बात कर रहा था इस दौरान बाइक पर पीछे से आए दो युवक उसके हाथ से मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए। पुलिस का कहना है कि पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज कर दिया गया है और बदमाशों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

**पत्नी का गला दबाकर...**

चला कि उक्त महिला मूल रुप से जिला दमोह मध्यप्रदेश की रहने वाली है। महिला अपने पति सुनील रजक के साथ एक वर्ष पूर्व शादी करके यहीं पर रह रही थी तथा इनके पति सुनील रजक इस बिल्डिंग में चौकीदार का कार्य करते है।

आज सुबह आपस में कलह के कारण इनके पति ने उसकी गला दबाकर हत्या कर दी गई तथा उसके बाद बिल्डिंग से कूदकर खुद भी आत्महत्या का प्रयास किया। थाना पुलिस सुनील को अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसका उपचार चल रहा है।

**स्कूटी की टक्कर को...**

के पास लेकर जा रहा था। इस दौरान स्कूटी सवार ललित ने उन्हें टक्कर मार दी उसने जब इस बात का विरोध किया तो ललित ने अपने साथी हरेंद्र सत्य में पंकज के साथ मिलकर उसके तथा उसकी बहन के साथ मारपीट की। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

**भरोसे का कत्ल...**

ने उसकी बेटी की अश्लील वीडियो बना ली। अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर कुलदीप उसकी बेटी को लगातार ब्लैकमेल कर रहा है। पीड़ित का कहना है कि आरोपी ने उसकी बेटी की अश्लील वीडियो को आज-पड़ोस में रहने वाले किरायेदारों को भी भेज दिया है जिससे उसकी बेटी की बदनामी हो रही है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

**पत्नी के अचानक बदल...**

उसने ही पैसे निकाले हैं। विपिन के मुताबिक 12 नवंबर 2024 को सीमा ने बताया कि उसकी सहेली के यहां पूजा है और वह उसके गाजियाबाद स्थित घर जा रही है। इसके बाद में आए दिन किसी न किसी बात का बहाना बनाकर घर लेट आने लगी। 27 नवंबर 2024 को जब वह घर पहुंचा तो सीमा घर पर नहीं थी और दोनों बच्चे एक कमरे में बंद थे। उसने अपनी पत्नी की तलाश की तो पता चला कि सीमा फ्लैट के मूल दस्तावेज, 15 लाख रुपए के जेवरात, बच्चों के एजुकेशनल सर्टिफिकेट व अन्य सामान को साथ लेकर एक कार से गई है। उसने जब सीमा के स्कूल में पूछताछ की तो पता चला कि उसने 27 नवंबर को ही इस्तीफा दे दिया था। इस मामले में उसने 30 नवंबर को थाना बिसरख में अपनी पत्नी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। जांच के दौरान पता चला कि सीमा ने राम पुत्र बनवारी लाल निवासी गंगरौल सिकंदराबाद बुलंदशहर से 12 नवंबर को गाजियाबाद के नंद ग्राम स्थित आर्य समाज मंदिर में शादी कर ली है और वह उसके साथ वैवाहिक जीवन व्यतीत कर रही है। सीमा ने खुद ही शादी का सर्टिफिकेट और फोटोग्राफ्स जांच अधिकारी को भेज दिए थे।

विपिन का आरोप है कि सीमा व राम द्वारा उसे कोई कानूनी कार्रवाई न करने की धमकी दे रही है। ऐसा न करने पर उसे जान से मारने तथा झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी मिल रही हैं। उसने इस संबंध में दोनों के खिलाफ थाना बिसरख में शिकायती पत्र दिया लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद उसने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की। पीड़ित की शिकायत पर सुनवाई करते हुए न्यायालय ने थाना बिसरख पुलिस को सीमा व उसके कथित पति राम के खिलाफ मुकदमा दर्ज किए जाने के निर्देश दिए हैं। पुलिस का कहना है कि यह मुकदमा न्यायालय के निर्देश पर दर्ज किया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

# ग्रेटर नोएडा के मकान में बड़ी चोरी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना बिसरख क्षेत्र के ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित सेक्टर-3 के एक मकान में चोरों ने चोरी की बड़ी घटना को अंजाम देकर मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए के जेवरात, डेढ़ लाख रुपए की नगदी व अन्य सामान चोरी कर ले गए।

सेक्टर 3 बी ब्लॉक में रहने वाले जितेंद्र शर्मा ने बताया कि 21 अगस्त को वह परिवार सहित बाहर गए थे अगले दिन जब वह वापस लौटे तो उन्हें मकान के सारे ताले टूटे हुए मिले। घर के भीतर जाने पर तमाम सामान अस्त व्यस्त पड़ा हुआ था। चोर घर में रखी अलमारी का ताला तोड़कर सोने का मंगलसूत्र, सोने की चेन, चार अंगूठियां, गले का सेट, दो जोड़ी कान के कुंडल, डेढ़ लाख रुपए की नगदी, फिलिप्स की प्रेस, चार जींस, तीन स्वेटर व दो कंबल को चोरी कर ले गए। उन्होंने इसकी सूचना तुरंत डायल 112 पर दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद उन्हें मुकदमा दर्ज किए जाने की सलाह दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है पुलिस का कहना है कि चोरों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

# बैल को भाला मारकर किया घायल

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना रबूपुरा क्षेत्र के म्याना गांव में एक व्यक्ति ने खेत में घुसे बैल को भाला मारकर घायल कर दिया। इस बात का विरोध करने पर आरोपी ने महिला के साथ भी मारपीट की। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम म्याना निवासी पुष्पा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 13 सितंबर को उनका बेल खुलकर गांव के ही रहने वाले प्रमन उर्फ प्रमोद के खेत में पहुंच गया। वह भी बैल को पकड़ने के लिए पीछे-पीछे खेत में पहुंच गई। इस दौरान प्रमन भाला लेकर खेत में पहुंच गया और बैल पर भाले से वारकर उसे घायल कर दिया। पुष्पा के मुताबिक उसने जब इस बात का विरोध किया तो आरोपी ने उसे गंदी-गंदी गालियां देकर मारपीट की। उसने जब इस घटना की पुलिस में शिकायत दर्ज कराए जाने को कहा तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस का कहना है कि पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

# दबंगों ने जमीनी विवाद में की मारपीट

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** जमीनी विवाद में दबंगों ने एक व्यक्ति के कार्यालय में घुसकर उसके साथ मारपीट की। मारपीट के दौरान जान से मारने की नीयत से आरोपियों ने उसका गला भी दबा दिया। पीड़ति ने थाना बादलपुर में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

मोहल्ला ठाकुरान दादरी निवासी नरेश भाटी उर्फ बबलू ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 14 सितंबर को धूम मानिकपुर स्थित अपने युगल जी ऑटोमोबाइल के कार्यालय में बैठा हुआ था। इस दौरान विकल भाटी, चंचल भाटी, हर्ष भाटी, कपिल भाटी दुजाना, अजय भाटी, पप्पू भाटी उर्फ जय सिंह, आदेश भाटी, पवन नागर तीन अज्ञात व्यक्ति जबरन उसके कार्यालय में घुस आए और गाली गलौज करने लगे उसने जब गाली गलौज का विरोध किया तो सभी लोगों ने उसके साथ मारपीट की। मारपीट के दौरान आरोपियों ने उसे जमीन पर गिरा लिया और जान से मारने की नीयत से उसका गला दबा दिया जिससे वह बेहोश हो गया। ऑफिस में मौजूद कर्मचारियों ने किसी तरह उसे हमलावरों के चंगुल से बचाया। नरेश भाटी के मुताबिक आरोपियों में से कई लोगों के साथ उसका जमीनी विवाद चल आ रहा है। इस कारण यह लोग उसे पूर्व में भी जान से मारने की धमकी दे चुके हैं। पीड़ित के मुताबिक कार्यालय में हुई मारपीट की यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में भी रिकॉर्ड हो गई है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ नाम से मुकदमा दर्ज कर लिया है।



# सूर्यकुमार यादव का एसीसी को बड़ा मैसेज!

## फाइनल को लेकर रख दी शर्त





दुबई, 18 सितंबर (एजेंसियां)। भारतीय टीम एशिया कप के फाइनल में जाने की बड़ी दावेदार मानी जा रही है. अब सूर्यकुमार यादव को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है. उन्होंने क्लियर कर दिया है कि वो पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष और एसीसी के प्रेसिडेंट मोहसिन नकवी से ट्रॉफी स्वीकार नहीं करेंगे.

टीम इंडिया ने 14 सितंबर 2025 को पाकिस्तान के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज कर ली. उन्होंने मैच के बाद पाक खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया. इसके बाद नो हैंडशेक विवाद काफी चर्चा का विषय है. पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी इसी को लेकर बौखलाए हुए हैं. इसी बीच अब सूर्यकुमार यादव को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है. उन्होंने पाकिस्तान को फिर से बेइज्जत करने के लिए तैयारी कर ली है. फाइनल को लेकर उन्होंने एसीसी को वॉर्निंग दे दी है कि वो जीते, तो मोहसिन से ट्रॉफी नहीं लेंगे.

**सूर्यकुमार यादव का एसीसी को मैसेज**

मोहसिन नकवी सिर्फ पीसीबी ही नहीं, बल्कि एशियन क्रिकेट काउंसिल के भी प्रेसिडेंट हैं. एशिया कप के विजेता को वो ही ट्रॉफी प्रेजेंट करेंगे. कुछ दिनों से इस बात पर चर्चा हो रही थी कि अगर टीम इंडिया एशिया कप जीत गई, तो शायद वो मोहसिन नकवी से ट्रॉफी नहीं लेंगे. अब एनडीटीवी की रिपोर्ट के मुताबिक सूर्यकुमार यादव ने एसीसी को क्लियर मैसेज दे दिया है कि फाइनल में अगर वो जीत गए, तो वो नकवी से कप नहीं ले पाएंगे.

**पाकिस्तान ने एशिया कप से नाम वापस लेने की दे दी थी धमकी**

एशिया कप 2025 में नो हैंडशेक विवाद के बाद पाकिस्तान ने मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट को हटाने की मांग की थी. उन्होंने क्लियर कर दिया था कि अगर इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने उनकी बात नहीं मानी, तो वो टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लेंगे. आईसीसी ने एंडी को टूर्नामेंट से नहीं हटाया. खबरों के अनुसार उन्होंने ये फैसला किया है कि वो पाकिस्तान के मैचों में रेफरी नहीं बनेंगे. पाक टीम अब टूर्नामेंट खेलेगी लेकिन उनके सामने एक बड़ा चैलेंज है.

# आरपी सिंह-प्रज्ञान ओझा सेलेक्शन कमेटी में शामिल होंगे

## दावा-बीसीसीआई ने दोनों को आवेदन करने के लिए कहा; सुब्रतो बनर्जी और एस शरथ बाहर होंगे

मुंबई, 18 सितंबर (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने नेशनल सिलेक्शन कमेटी में बदलाव की तैयारी कर ली है। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज रुद्र प्रताप सिंह और बाएं हाथ के स्पिनर प्रज्ञान ओझा को नेशनल सिलेक्शन कमेटी में शामिल किया जाएगा।

आरपी सिंह और प्रज्ञान ओझा को चयनकर्ता पद के लिए आवेदन करने को कहा गया है। क्रिकेट सलाहकार समिति के बीसीसीआई की वार्षिक आम बैठक से पहले इन दोनों के नामों को मंजूरी देने की संभावना है।

मौजूदा सिलेक्शन कमेटी में से सुब्रतो बनर्जी और एस शरथ को हटाया जाएगा। पूर्व भारतीय क्रिकेटर अजीत अगरकर चीफ सेलेक्टर हैं। आरपी सिंह सेंट्रल जोन से चयनकर्ता बनेंगे।





**बीसीसीआई ने पिछले महीने चयनकर्ताओं के पद के लिए आवेदन मांगे थे**

बीसीसीआई ने पिछले महीने दो नेशनल सिलेक्टर्स के पदों के लिए आवेदन मंगाए थे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सिलेक्टर बनने के लिए किसी भी बड़े चेहरे ने कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई।

पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज प्रवीण कुमार ने पद के लिए आवेदन किया था। उनके अलावा उत्तर प्रदेश के पूर्व तेज गेंदबाज आशीष विंस्टन जैदी और हिमाचल प्रदेश के शक्ति सिंह सेंट्रल जोन से अन्य उम्मीदवार थे।

**आरपी सिंह 2007 टी-वर्ल्ड कप जीतने वाले टीम के सदस्य थे**

आरपी सिंह भारत की 2007 टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम के सदस्य रहे हैं। उन्होंने 82 इंटरनेशनल मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 124 विकेट लिए। इनमें 14 टेस्ट, 58 वनडे और 10 टी-20 शामिल है। इसके अलावा, उन्होंने 2016-17 में पार्थिव पटेल की कप्तानी में गुजरात की रणजी ट्रॉफी जीतने वाली टीम का हिस्सा भी रहे थे।

**प्रज्ञान ओझा ने लिए हैं 144 विकेट**

दक्षिण जोन से प्रज्ञान ओझा को चयनकर्ता बनाया जा रहा है। ओझा ने अपने करियर में 144 इंटरनेशनल विकेट लिए, जिनमें से 113 टेस्ट क्रिकेट में आए। उनका आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंडुलकर का भी आखिरी टेस्ट था, जिसमें ओझा ने 10 विकेट लिए थे। ओझा ने हैदराबाद के लिए घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया और बंगाल व बिहार के लिए भी खेले। वह एस शरत की जगह लेंगे।

**जूनियर चयन समिति में बदलाव:**

एस शरत अब जूनियर चयन समिति के अध्यक्ष बनेंगे और तिलक नायडू की जगह लेंगे।

# सात्विक-चिराग की जोड़ी चाइना मास्टर्स के प्री-क्वार्टर फाइनल में

## लक्ष्य सेन बाहर, पिछले हफ्ते हॉन्ग कॉन्ग ओपन में रनर-अप रहे थे

शेन्ज़ेन एरिना, 18 सितंबर (एजेंसियां)। सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने चीन मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में मेंस डबल्स के प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है।

हालांकि, मेंस सिंगल्स में लक्ष्य सेन पहले ही राउंड में हारकर बाहर हो गए।

सात्विक-चिराग ने मलेशियाई जोड़ी को सीधे गेम में हराया

सात्विक और चिराग की जोड़ी ने मलेशिया के जुनैदी अरिफ और रॉय किंग याप को सीधे गेम में 24-22, 21-13 से हराकर अगले राउंड में जगह बनाई। यह मुकाबला 42 मिनट तक चला।

पहला गेम काफी रोमांचक रहा, जिसमें स्कोर अंत तक बराबरी पर था, लेकिन भारतीय जोड़ी ने



आखिरकार 21 मिनट में इसे 24-22 से जीत लिया।

दूसरे गेम में सात्विक-चिराग ने शुरुआत में बढ़त बनाई। मलेशियाई जोड़ी ने 5-5 से बराबरी की कोशिश की, लेकिन भारतीय खिलाड़ियों ने 11-6 की बढ़त लेते हुए गेम को आसानी से 21-13 से अपने नाम कर लिया।

**लक्ष्य सेन पहले ही राउंड में बाहर**

हॉन्गकॉन्ग ओपन के रनर-अप रहे लक्ष्य सेन को मेंस सिंगल्स में हार का सामना करना पड़ा। लक्ष्य को फ्रांस के तोमा जूनियर पोपोव ने 11-21, 10-21 से हराया। यह मुकाबला सिर्फ 30 मिनट तक चला। लक्ष्य की हार के साथ ही भारत का मेंस सिंगल्स में सफर खत्म हो गया। इससे पहले आयुष शेट्टी भी पहले राउंड में हार गए थे।

वहीं, मिक्स्ड डबल्स में भी भारत को निराशा मिली। ध्रुव कपिला और तनिशा क्रास्टो की जोड़ी को दूसरी वरीयता प्राप्त चीन के फेंग यान झे और हुआंग डोंग पिंग के खिलाफ 19-21, 13-21 से हार का सामना करना पड़ा।

**पी.वी सिंधु भी प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं**

विमेंस सिंगल्स में पी.वी. सिंधु ने सोमवार को अपने पहले राउंड का मुकाबला जीतकर प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी। अब उनका अगला मुकाबला छठी वरीयता प्राप्त थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग के खिलाफ होगा।

# नीरज चोपड़ा वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचे, पहले प्रयास में 84.85 मीटर भाला फेंका

टोक्यो, 18 सितंबर (एजेंसियां)। भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने टोक्यो में चल रही वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बना ली है। उन्होंने अपने पहले ही प्रयास में 84.85 मीटर का भाला फेंका।



भारत के रोहित यादव और सचिन यादव भी हिस्सा ले रहे हैं। ओलिंपिक चैंपियन अरशद नदीम भी इस मुकाबले में हिस्सा ले रहे हैं, लेकिन वे थोड़ी देर में हिस्सा लेंगे। क्योंकि, अरशद को ग्रुप बी में रखा गया है।

नीरज और अरशद पेरिस ओलिंपिक के बाद पहली बार एक चैंपियनशिप में हिस्सा ले रहे हैं। फाइनल गुरुवार को खेला जाएगा। दोनों स्टार एथलीट पेरिस ओलिंपिक के बाद पहली बार एक इवेंट में हिस्सा ले रहे हैं।

नीरज डिफेंडिंग वर्ल्ड चैंपियन हैं। उन्होंने 2023 में हंगरी में हुई वर्ल्ड चैंपियनशिप में 88.17 मीटर थ्रो के साथ गोल्ड जीता था। वहीं, अरशद डिफेंडिंग ओलिंपिक चैंपियन हैं। उन्होंने पेरिस ओलिंपिक में 92.97 मीटर थ्रो के साथ गोल्ड जीता था। तब नीरज ने सिल्वर जीता था।

**इस स्टेडियम में ओलिंपिक गोल्ड जीत चुके हैं नीरज**

जेवलिन थ्रो इवेंट टोक्यो के जापान नेशनल स्टेडियम में हो रहा है। इसी स्टेडियम में नीरज ने 2020 टोक्यो ओलिंपिक का गोल्ड जीता था। तब उनका बेस्ट थ्रो 87.58 मीटर का रहा था। अरशद उस इवेंट में 84.62 मीटर थ्रो के साथ पांचवें नंबर पर रहे थे।

**90 मीटर का बैरियर तोड़ चुके हैं नीरज**

नीरज पिछले साल तक करियर में कभी 90 मीटर या इससे ऊपर का थ्रो नहीं कर पाए थे। इस साल फरवरी में दोहा डायमंड लीग में पहली बार वे 90 मीटर पार करने में सफल हुए थे। तब उन्होंने 90.23 मीटर का थ्रो फेंका था।

# भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए वेस्टइंडीज टीम घोषित

## तेजनारायाण चंद्रपॉल और एलिक एथनाज की वापसी; सीरीज 2 अक्टूबर से

खेल डेस्क, 18 सितंबर (एजेंसियां)। भारत के खिलाफ 2 टेस्ट की सीरीज के लिए क्रिकेट वेस्टइंडीज ने अपनी टीम घोषित कर दी है। रोस्टन चेज की कप्तानी वाली टीम में 15 मेंबर्स को चुना गया। एलिक एथनाज और दिग्गज शिवनारायण चंद्रपॉल के बेटे तेजनारायण चंद्रपॉल की टीम में वापसी हुई। वहीं खैरी पियरी को पहली बार स्क्वॉड में जगह मिली।



ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होमग्राउंड पर 3-0 की हार झेलने वाली वेस्टइंडीज टीम से क्रैग ब्रैथवेट, कीसी कार्टी, मिकाइल लुईस और जोहान लैन को जगह नहीं मिली। सीरीज 2 अक्टूबर से शुरू होगी। अहमदाबाद और नई दिल्ली में दोनों मुकाबले खेले जाएंगे।

**7 साल बाद भारत में टेस्ट सीरीज खेलेगी वेस्टइंडीज**

वेस्टइंडीज टीम 7 साल बाद भारत में टेस्ट सीरीज खेलने के लिए आ रही है। टीम ने 2018 में आखिरी सीरीज 2-0 से गंवाई थी। यह सीरीज मौजूदा वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप साइकिल में भारत की पहली होम सीरीज है, वहीं वेस्टइंडीज की घर से बाहर पहली सीरीज।

अहमदाबाद में 2 अक्टूबर से पहला टेस्ट शुरू होगा। वहीं 10 अक्टूबर से नई दिल्ली में दूसरा मुकाबला खेला जाएगा। सीरीज के लिए भारत का स्क्वॉड 23 सितंबर तक रिलीज किया जा सकता है। शुभमन गिल ही भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे।

**स्पिन डिपार्टमेंट को मजबूत किया**

वेस्टइंडीज के स्क्वॉड में बल्लेबाज चंद्रपॉल और एथनाज की वापसी हुई। वहीं स्पिन डिपार्टमेंट को मजबूत करने के लिए लेफ्ट आर्म स्पिनर खैरी पियरी को पहली बार मौका मिला। वेस्टइंडीज चैंपियनशिप में उन्होंने महज 13.56 की औसत से 41 विकेट लिए थे।

**डैरेन सैमी बोले- भारत में खेलना बड़ा चैलेंज**

वेस्टइंडीज के हेड कोच डैरेन सैमी ने कहा, 'भारत और उपमहाद्वीप में टेस्ट खेलना हमेशा ही चैलेंजिंग रहा है। हमने कंडीशन के हिसाब से ही टीम का सिलेक्शन किया। तेजनारायण को शामिल कर हमने बैटिंग बढ़ाने पर जोर दिया है।'

**24 सितंबर को भारत पहुंचेगी वेस्टइंडीज टीम**

कैरेबियन टीम 22 सितंबर को वेस्टइंडीज से निकलेगी और 24 सितंबर को अहमदाबाद पहुंचेगी। यहां 2 दिन रेस्ट के बाद टीम प्रैक्टिस शुरू कर देगी। दूसरी ओर टीम इंडिया के कुछ टेस्ट प्लेयर्स इन दिनों एशिया कप खेल रहे हैं। जिसका फाइनल 28 सितंबर को होना है। इसके 3 दिन बाद ही टीम को वेस्टइंडीज से टेस्ट सीरीज खेलनी है।

**वेस्टइंडीज की टेस्ट टीम**

रोस्टन चेज (कप्तान), तेजनारायण चंद्रपॉल, ब्रैंडन किंग, केवलोन एंडरसन, शाई होप, जोन कैंपबेल, एलिक एथनाज, टेविन इमलाक, जस्टिन ग्रीव्स, एंडरसन फिलिप, अल्जारी जोसेफ, शमार जोसेफ, जेडन सील्स, खैरी पियरी और जोमेल वारिकन।

# वरुण चक्रवर्ती पहली बार टी-20 रैंकिंग में नंबर-1 बॉलर बने

## *इस फॉर्मेट में टॉप पर पहुंचने वाले तीसरे भारतीय*

## बैटिंग में अभिषेक शर्मा पहले पर बरकरार

मुंबई, 18 सितंबर (एजेंसियां)। भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को 2025 में उनके लगातार अच्छे प्रदर्शन का इनाम मिला है। वरुण आईसीसी की ताजा टी-20 रैंकिंग में नंबर-1 बॉलर बन गए हैं। वे जसप्रीत बुमराह और रवि बिश्नोई के बाद नंबर-1 पोजिशन पर पहुंचने वाले तीसरे भारतीय बॉलर बने हैं। वे पहली बार इस पोजिशन पर पहुंचे हैं।

आईसीसी ने बुधवार को वीकली रैंकिंग जारी की। उनके अलावा नंबर-1 टी20 इंटरनेशनल बैटर अभिषेक शर्मा ने अपने करियर की हाई रेटिंग हासिल की है।

**वरुण चक्रवर्ती का एशिया कप में शानदार प्रदर्शन जारी**

34 साल के इस स्पिनर का एशिया कप में भी अच्छा प्रदर्शन



जारी है। उन्होंने यूएई के खिलाफ दो ओवर में सिर्फ 4 रन देकर 1 विकेट और पाकिस्तान के खिलाफ चार ओवर में 24 रन देकर 1 झटके थे। उन्होंने रैंकिंग में तीन पायदान की छलांग लगाई हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जैकब डफी को पीछे छोड़ा।

**अभिषेक शर्मा टॉप पर बरकरार**

बैटिंग में अभिषेक शर्मा टॉप पर बरकरार हैं। उन्होंने 14 सितंबर को पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में 31 रनों की पारी खेलने खेली थी।

इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट दूसरे और जोस बटलर तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। जबकि साउथ अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस दो स्थान के फायदे के साथ 11वें स्थान पर और एडेन मारकरम 10 स्थान के फायदे से 30वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

**ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में पंड्या पहले नंबर पर**

भारतीय स्टार हार्दिक पंड्या टी-20 इंटरनेशनल ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में पहले नंबर पर बने हुए हैं। जबकि पाकिस्तान के सईम अयूब चार स्थान ऊपर चढ़कर पांचवें स्थान पर और अभिषेक चार स्थान ऊपर चढ़कर 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

# हार्दिक पांड्या से हूबहू मिलती है इस डब्ल्यूडब्ल्यूई स्टार की शक्ल, फैंस कर चुके हैं तुलना



नई दिल्ली, 18 सितंबर (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेटर हार्दिक पांड्या के दुनियाभर में चाहने वाले हैं. एक ऐसा डब्ल्यूडब्ल्यूई स्टार भी है जो उनके जैसा दिखता है. कुछ साल पहले सोशल मीडिया पर इनकी तस्वीरें खूब वायरल हुई थीं. आइए आपको इसके बारे में बताते हैं. एशिया कप 2025 में भारतीय क्रिकेट टीम ने अभी तक गजब का प्रदर्शन किया है. यूएई और पाकिस्तान को मात देकर टीम अपने ग्रुप में टॉप पर हैं. ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या भी गर्दा उड़ा रहे हैं. खासकर अपनी बॉलिंग से उन्होंने सभी का दिल जीता है. हार्दिक इस बार अपने लुक को लेकर भी काफी चर्चा में चल रहे हैं. खैर एक फेमस डब्ल्यूडब्ल्यूई स्टार है जिसकी तुलना पांड्या से अक्सर की जाती है. दोनों की शक्ल हूबहू मिलती है. इनको पहचानने के लिए आपको बहुत ध्यान से देखना पड़ेगा. सोशल मीडिया एक ऐसा मंच है जहां लोग अलग-अलग मुद्दों पर बातचीत कर विचार साझा करते हैं. कई बार यह अजीबोगरीब जगह भी बन जाती है. 2022 में भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या और डब्ल्यूडब्ल्यूई स्टार कार्मेलो हेज की फैंस ने सोशल मीडिया पर खूब तुलना कर दी. दोनों के चेहरे एक-दूसरे से मिलने-जुलने के कारण यह घटना सामने आई. कार्मेलो की एक्स/ट्विटर पर तस्वीरें वायरल हो गईं. फैंस ने इसे लेकर काफी उत्सुकता व्यक्त की. इतना ही नहीं हार्दिक के जैसे दिखने वाले हेज की फैन फॉलोइंग भी भारत में बढ़ गई. अचानक भारत में ट्रेंड होने की वजह पता होने के बाद कार्मेलो ने ट्वीट करते हुए हार्दिक को शुक्रिया कहा था. आज भी कभी-कभी दोनों सोशल मीडिया पर एकदम से ट्रेंड में आ जाते है.

# सीपीएल 2025: निकोलस पूरन का धमाका

## 11 चौके-छक्के ठोक शाहरूख खान की टीम को दिलाई बड़ी जीत

गुयाना, , 18 सितंबर (एजेंसियां)। कैरेबियन प्रीमियर लीग 2025 के एलिमिनेटर मुकाबले में बॉलीवुड के बादशाह शाहरूख खान की टीम ने बड़ी जीत दर्ज करते हुए क्वालिफायर-2 में जगह बना ली है. एलिमिनेटर मुकाबले में उनकी टीम ट्रिनबैगो नाइट राइडर्स ने एंटीगा एंड बारबुडा फाल्कंस को 15 गेंद शेष रहते 9 विकेट हरा दिया. इस मुकाबले में नाइट राइडर्स के कप्तान ने तूफानी बल्लेबाजी की और 11 चौके-छक्के लगाते हुए शानदार फिफ्टी ठोक दी. इस दौरान इंग्लैंड के पूर्व खिलाड़ी एलेक्स हेल्स ने भी कप्तान का बखूबी साथ दिया और टीम को बड़ी जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई.

निकोलस पूरन ने ठोकी तूफानी फिफ्टी

29 साल की उम्र में इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट ले चुके ट्रिनबैगो नाइट राइडर्स के कप्तान निकोलस पूरन ने एलिमिनेटर मुकाबले में एंटीगा एंड बारबुडा फाल्कंस के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी की.

167 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए निकोलस पूरन और एलेक्स हेल्स ने दूसरे विकेट के लिए 86 गेंदो में नाबाद 143 रनों की साझेदारी करके टीम को 17.3 ओवर में ही 9



विकेट से जीत दिला दी.

निकोलस पूरन ने 53 गेंदों में 8 छक्के और 3 चौकों की मदद से नाबाद 90 रन बनाए. एलेक्स हेल्स ने 40 गेंदों में 3 चौके और 3 छक्कों की मदद से नाबाद 54 रनों की पारी खेली. नाइट राइडर्स का एकमात्र विकेट कॉलिन मुनरो को गिरा, जो 14 रन बनाकर रहकीम कॉर्नवाल की गेंद पर पवेलियन लौट गए. इसके बाद पूरन और हेल्स ने टीम को कोई नुकसान नहीं होने दिया. इसके साथ ही एंटीगा एंड बारबुडा फाल्कंस का इस सीजन में सफर समाप्त हो गया.

**एंटीगा एंड बारबुडा फाल्कंस का सफर हुआ समाप्त**

एलिमिनेटर मुकाबले में नाइट राइडर्स के खिलाफ हार के बाद एंटीगा एंड बारबुडा फाल्कंस का सफर सीपीएल 2025 में खत्म हो गया. इस मुकाबले में बारबुडा फाल्कंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 166 रन बनाए. सलामी बल्लेबाज अमीर जंगू और एंड्रीस गौस ने शानदार पारी खेली, लेकिन इन दोनों के आउट होते ही टीम लड़खड़ा गई.

अमीर जंगू ने 49 गेंदों में 3 चौके और 3 छक्कों की मदद से 55 रन बनाए. एंड्रीस गौस ने 45 गेंदों में 5 चौके और 3 छक्कों की मदद से 61 रनों की पारी खेली. ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने 9 गेंदों में 4 चौके और 1 छक्का की मदद से नाबाद 26 रन बनाए. कप्तान इमाद वसीम केवल एक रन बनाकर पवेलियन लौट गए. नाइट राइडर्स की ओर से सौरभ नेत्रवलकर ने सबसे ज्यादा 3 विकेट हासिल किए. उस्मान तारिक और आंद्रे रसेल को 2-2 विकेट मिले. सुनील नरेन को एक सफलता मिली.

# भिवानी की बॉक्सर पूजा का हरियाणवीं स्टाइल में स्वागत




बहादुरगढ़, झज्जर, 18 सितंबर (एजेंसियां)। हरियाणा की बेटी और बॉक्सर पूजा बोहरा का दिल्ली एयरपोर्ट पर जोरदार स्वागत किया गया। पूजा ने लिवरपूल में 2025 वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर देश का नाम रोशन किया था। स्वागत समारोह में हरियाणवी संस्कृति की अनूठी झलक देखने को मिली, जहां पूजा के परिवारजन पारंपरिक हरियाणवी पोशाक में पहुंचे। इस अनोखे स्वागत ने न केवल पूजा को खुशी दी, बल्कि हरियाणवी संस्कृति को भी बढ़ावा दिया। पारंपरिक परिधान में परिवार का स्वागत पूजा बोहरा के परिवार ने उनके स्वागत के लिए विशेष हरियाणवी पोशाक पहने थे। पुरुषों ने धोती-कुर्ता पहना था, जबकि महिलाएं कुर्ता-दामन और गोटेदार चुनरी में सजी थीं। यह पोशाक बहादुरगढ़ की मोनिका मान द्वारा डिजाइन की गई थी। पुरुषों ने धोती-कुर्ता पहना, महिलाएं पूजा बोहरा के परिवार ने उनके स्वागत के लिए विशेष हरियाणवी पोशाक पहने थे। पुरुषों ने धोती-कुर्ता पहना था, जबकि महिलाएं कुर्ता-दामन और गोटेदार चुनरी में सजी थीं। यह पोशाक बहादुरगढ़ की मोनिका मान द्वारा डिजाइन की गई थी। पुरुषों ने धोती-कुर्ता पहना, महिलाएं कुर्ता-दामन और गोटेदार चुनरी में, मोनिका मान द्वारा डिजाइन किए गए परिधान, कुल 20 लोगों के लिए पोशाक तैयार की गईं, पूजा की प्रतिक्रिया और परिवार का सरप्राइज।

# पितृ दोष से मुक्ति का अंतिम मौका !

## भूल से भी इन 5 कामों को न करें अनदेखा




इस साल सर्व पितृ अमावस्या 21 सितंबर को है। पितृ पक्ष के समय में सर्व पितृ अमावस्या पितरों के श्राप या पितृ दोष से मुक्ति का अंतिम मौका होता है। उसके बाद यह मौका अगले साल पितृ पक्ष में ही मिलता है। जो लोग अभी तक पितृ दोष से मुक्ति के लिए उपाय नहीं किए हैं, उन लोगों को सर्व पितृ अमावस्या पर कर लेना चाहिए। पंचांग के अनुसार सर्व पितृ अमावस्या की तिथि 21 सितंबर रविवार को 12:16 ए एम से 22 सितंबर सोमवार को 01:23 ए एम तक है। सर्व पितृ अमावस्या पर पितरों के श्राद्ध, पिंडदान आदि के लिए कुतुप मुहूर्त 11 बजकर 50 ए एम से दोपहर 12 बजकर 38 पी एम तक रहेगा।

**सर्व पितृ अमावस्या: ये 5 काम न करने से पितृ होते हैं नाराज**

**तर्पण:** सर्व पितृ अमावस्या पर स्नान के बाद पितरों के लिए तर्पण करना चाहिए। तर्पण से जो जल पितरों को प्राप्त होता है, उसे पाकर वे तृप्त होते हैं। सर्व पितृ अमावस्या के दिन पितर धरती पर होते हैं और जब उनके लिए तर्पण नहीं करते हैं, तो वे नाराज होते हैं। मान्यता है कि पितृ लोक में जल की कमी होती है, इसलिए पितरों को जल से तर्पण देते हैं, उसमें कुशा का उपयोग करना जरूरी होता है, नहीं तो तर्पण का जल पितरों को नहीं मिलता है।

**श्राद्ध:** सर्व पितृ अमावस्या के दिन ज्ञात और अज्ञात पितरों का श्राद्ध होता है। इस दिन आप अपने सभी पितरों के लिए श्राद्ध कर सकते हैं, जिनकी तिथि भी आपको पता न हो। श्राद्ध में पितरों के लिए पिंडदान, अन्न दान आदि करते हैं। श्राद्ध का अर्थ है श्रद्धापूर्वक पितरों को अर्पण करना।

**दान:** सर्व पितृ अमावस्या पर पितरों के लिए दान जरूर करना चाहिए। पितरों को खुश करने के लिए आप अन्न, सफेद रंग के कपड़े, जल आदि का दान करें। इन वस्तुओं का दान आप किसी ब्राह्मण या जरूरत मंद व्यक्ति को कर सकते हैं।

**पंचबलि कर्म:** अपने पितरों तक अन्न या भोजन सामग्री पहुंचाने के लिए पंचबलि कर्म करते हैं। इसमें हम सर्व पितृ अमावस्या पर जो भी सात्विक भोजन बनाते हैं, उसका कुछ अंश निकालकर गाय, कौआ, कुत्ता आदि को अर्पित कर देते हैं। इस दिन ब्राह्मणों को भोजन कराते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इससे भोजन पितरों को प्राप्त होता है और वे पाकर तृप्त होते हैं।

**दीपक:** सर्व पितृ अमावस्या की शाम पितृ पक्ष का समापन होता है और पितर अपने लोक वापस जाने लगते हैं। ऐसे में उनके मार्ग में अंधेरा न रहे, इसलिए एक दीपक जलाते हैं। सरसों के तेल का एक दीपक घर के बाहर दक्षिण दिशा में रख दें। ऐसा करने से पितर खुश होते हैं और आशीर्वाद देते हैं।

जो लोग सर्व पितृ अमावस्या के दिन ये 5 काम नहीं करते हैं, उनके पितर उनसे नाराज होते हैं और उनको श्राप देते हैं। पितृ दोष से मुक्ति के लिए सर्व पितृ अमावस्या पर ये काम जरूर करें।

### पितृ दोष क्यों लगता है

धार्मिक मान्यता के अनुसार, जब मृत्यु के बाद मृतक के अंतिम संस्कार में किसी प्रकार की कोई कमी रह जाती है तो ऐसे में पितृ दोष लगता है।

कहा जाता है कि अकाल मौत हो जाने पर परिवार के सदस्यों को कई पीढ़ियों तक पितृ दोष का दंश झेलना पड़ता है। ज्योतिष शास्त्र में पितृ दोष को अशुभ माना गया है। मान्यता है कि पितृ दोष की वजह से जीवन में दुर्भाग्य बढ़ने लगता है। ऐसे में अकाल मृत्यु होने पर पितर शांति पूजा कराना जरूरी होता है।

ज्योतिष शास्त्र की मान्यता के अनुसार, मृत्यु के बाद जब परिजनों का पिंडदान, तर्पण और श्राद्ध कर्म नहीं किया जाता है तो ऐसे में पितृ दोष लगता है। इसके अलावा माता-पिता का अनादर या अपमान करने पर भी पितृ दोष लगता है।

पितरों का अपमान, किसी असहाय की हत्या, पीपल, नीम और बरगद के पेड़ काटने, जाने-अनजाने में नाग की हत्या करने से पितृ दोष लगता है।

### पितृ दोष के उपाय

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार पितृ दोष से मुक्ति पाने के लिए पितृ पक्ष में पूर्वजों के निमित्त विधि विधान से पिंडदान, तर्पण और श्राद्ध कर्म किए जाते हैं।

पितृ पक्ष में ब्राह्मण को भोजन कराए जाते हैं और उन्हें दान दिया जाता है। इसके साथ ही साल की हर एकादशी, चतुर्दशी, अमावस्या पर पितरों को जल अर्पित किया जाता है। इसके अलावा त्रिपंडी श्राद्ध भी किए जाते हैं।

पितृ पक्ष में पितृ दोष शांति के लिए रोजाना दोपहर के समय पीपल की पूजा की जाती है। साथ ही पितरों को प्रसन्न करने के लिए पीपल में गंगाजल में काले तिल, दूध, अक्षत और फूल मिलाकर अर्पित किया जाता है।

पितृ पक्ष के दौरान रोजाना घर में शाम के समय दक्षिण दिशा में तेल का दीपक लगाएं। माना जाता है कि ऐसा करने से पितृ दोष खत्म हो जाता है।

# शुक्र प्रदोष व्रत : सिद्ध योग में होगी शिव पूजा, रात में भद्रा



दृक पंचांग के अनुसार, शुक्र प्रदोष व्रत के लिए आश्विन शुक्ल त्रयोदशी तिथि 18 सितंबर गुरुवार को रात 11 बजकर 24 मिनट से प्रारंभ होगी। यह तिथि 19 सितंबर दिन शुक्रवार को रात 11 बजकर 36 मिनट पर खत्म होगी। ऐसे में प्रदोष पूजा मुहूर्त और उदयातिथि के आधार पर शुक्र प्रदोष व्रत 19 सितंबर को है।

### सिद्ध योग में शुक्र प्रदोष व्रत

इस बार शुक्र प्रदोष व्रत के दिन सिद्ध योग और साध्य योग बन रहे हैं। सिद्ध योग शुक्र प्रदोष व्रत को प्रातःकाल से लेकर रात 8 बजकर 41 मिनट तक रहेगा। उसके बाद साध्य योग बनेगा, जो अगले दिन तक रहेगा। प्रदोष वाले दिन अश्लेषा नक्षत्र प्रातःकाल से सुबह 07:05 ए एम तक है, उसके बाद मघा नक्षत्र है। शुक्र प्रदोष व्रत के दिन भगवान शिव की पूजा के लिए 2 घंटे 21 मिनट का समय प्राप्त होगा। शुक्र प्रदोष पर शिव पूजा का मुहूर्त शाम में 06 बजकर 21 मिनट से रात 8 बजकर 43 मिनट तक रहेगा। इस समय में शिव जी की विधि विधान से पूजा करनी चाहिए। प्रदोष के दिन का ब्रह्म मुहूर्त 04:34 ए एम से 05:21 ए एम तक है, उसके बाद अभिजीत मुहूर्त दिन में 11 बजकर 50 ए एम से दोपहर 12 बजकर 39 मिनट तक है।

### शुक्र प्रदोष पर रात में भद्रा

प्रदोष व्रत की रात में 11 बजकर 36 मिनट से भद्रा लगेगी। इस भद्रा का समापन 20 सितंबर को सुबह 6 बजकर 8 मिनट पर होगा। यह भद्रा पृथ्वी पर होगी, जिसकी वजह से इस समय में कोई शुभ काम न करें।

शुक्र प्रदोष पर राहुकाल

इस बार प्रदोष के दिन राहुकाल सुबह 10 बजकर 43 मिनट से दोपहर 12 बजकर 15 मिनट तक है। इस समय में आप काल सर्प दोष से मुक्ति के लिए उपाय कर सकते हैं।

### प्रदोष व्रत का महत्व

प्रदोष व्रत सभी प्रकार के दोषों को दूर करने वाला होता है। प्रदोष व्रत में शिव पूजा करने से व्यक्ति के कष्ट मिटते हैं। शिव कृपा से आरोग्य, धन, सुख, समृद्धि की प्राप्ति होती है।

# माता दुर्गा का बहुत प्रिय है गुड़हल का लाल फूल





साल भर में कुल चार बार नवरात्र का त्योहार मनाया जाता है। इनमें दो गुप्त नवरात्रि, एक चैत्र नवरात्रि और एक शारदीय नवरात्रि होती है। इन चारों नवरात्रियों में शारदीय नवरात्रि सबसे धूमधाम से मनाई जाती है। भक्त घरों, मंदिरों या पूजा पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित करते हैं और पूरे नौ दिनों तक मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा करते हैं। मां दुर्गा की पूजा में पुष्प अर्पण करने का खास महत्व होता है।

कई फूल ऐसे हैं जो मां दुर्गा को प्रिय नहीं होते, वहीं कई ऐसे पुष्प भी हैं जिन्हें अर्पित करने से मां दुर्गा अत्यंत प्रसन्न होती हैं और भक्त की मनोकामनाएं पूरी करती हैं। इसमें खासतौर पर लाल फूल और उससे भी बढ़कर गुड़हल के फूल का नाम सबसे ऊपर आता है।

### आने वाली है नवरात्रि

देवघर के पागल बाबा आश्रम स्थित मुद्गल ज्योतिष केंद्र के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पंडित नंदकिशोर मुद्गल ने बताया कि साल 2025 में 22 सितंबर से प्रतिपदा तिथि के साथ शारदीय नवरात्रि की शुरुआत होगी और 2 अक्टूबर को विजयदशमी के साथ इसका समापन होगा। उन्होंने कहा कि अगर भक्त नवरात्रि में व्रत रखकर मां दुर्गा की पूजा और आराधना करते हैं तो जीवन में आने वाले किसी भी संकट से मां दुर्गा स्वयं उनकी रक्षा करती हैं। नवरात्रि के समय मां दुर्गा को मनपसंद पुष्प, भोग और वस्त्र अर्पित करना चाहिए।

### ये फूल हैं बहुत प्रिय

ज्योतिषाचार्य के मुताबिक कई पुष्प जैसे कनेल और अपराजिता मां दुर्गा को अत्यंत प्रिय हैं। लेकिन एक ऐसा फूल है जिसके बिना नवरात्रि अधूरी मानी जाती है और वह है लाल गुड़हल का फूल। दुर्गा सप्तशती में भी मां दुर्गा के लिए लाल गुड़हल पुष्प का उल्लेख मिलता है। लाल रंग साहस, सौभाग्य और शक्ति का प्रतीक माना जाता है।

मां दुर्गा आदिशक्ति हैं, इसलिए उन्हें लाल रंग बहुत प्रिय है। नवरात्रि में मां दुर्गा को लाल रंग की साड़ी, चुनरी और लाल गुड़हल का फूल अर्पण जरूर करना चाहिए। इससे मां दुर्गा प्रसन्न होकर भक्त के घर में सुख-समृद्धि का वास करती हैं और सभी दुखों का नाश होता है।

# सूर्य ग्रहण का सूतक काल कब से लगेगा ? भारत में नहीं लगेगा सूतक काल

इस साल का दूसरा और अंतिम सूर्य ग्रहण 21 सितंबर दिन रविवार को लगने वाला है। यह एक आंशिक सूर्य ग्रहण है। सूर्य ग्रहण के प्रारंभ होने से पहले ही उसका सूतक काल शुरू हो जाता है। सूतक काल में कोई भी मांगलिक कार्य नहीं करते हैं। सूतक काल में गर्भवती महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को विशेष सावधानी बरतनी होती है। सूर्य ग्रहण का प्रभाव गर्भवती महिलाओं पर हो सकता है, जिससे उनके शिशु पर बुरा असर हो सकता है। सूर्य ग्रहण हमेशा अमावस्या के दिन लगता है, इस बार का सूर्य ग्रहण सर्व पितृ अमावस्या को लगेगा। तिरुपति के ज्योतिषाचार्य डॉ। कृष्ण कुमार भार्गव से जानते हैं कि सूर्य ग्रहण का सूतक काल कब से लगेगा? सूर्य ग्रहण का सूतक काल भारत में मान्य होगा या नहीं?

### सूर्य ग्रहण का सूतक काल

ज्योतिषशास्त्र के अनुसार, सूर्य ग्रहण का सूतक काल 12 घंटे पहले शुरू हो जाता है। सूतक काल को अशुभ समय माना जाता है, जिसमें कोई भी शुभ काम नहीं करते हैं। 21 सितंबर को लगने वाले सूर्य ग्रहण का सूतक काल कब से लगेगा? यह जानने के लिए आपको सबसे पहले जानना होगा कि सूर्य ग्रहण का समय क्या है?

### सूर्य ग्रहण का समय

21 सितंबर को सर्व पितृ अमावस्या के दिन सूर्य ग्रहण भारतीय समय के अनुसार रात 10 बजकर 59 मिनट पर लगेगा। सूर्य ग्रहण का चरम बिंदु देर रात 1 बजकर 11 मिनट पर होगा। सूर्य ग्रहण का समापन 22 सितंबर को तड़के 3 बजकर 23 मिनट पर होगा। उस दिन शारदीय नवरात्रि का शुभारंभ भी हो रहा है।

### सूर्य ग्रहण का सूतक काल समय

आपको पता है कि सूर्य ग्रहण के प्रारंभ होने से 12 घंटे पहले उसका सूतक काल शुरू होता है। इस आधार पर भारतीय समयानुसार इस सूर्य ग्रहण का सूतक काल 21 सितंबर को सुबह 10 बजकर 59 मिनट पर शुरू होना चाहिए। सूतक काल का समापन सूर्य ग्रहण के खत्म होने के साथ ही होता है।

### भारत में लगेगा सूर्य ग्रहण का सूतक काल?

साल का यह अंतिम सूर्य ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा।




इस वजह से अपने देश में इसका सूतक काल भी मान्य नहीं होगा। ऐसे में आप इस सूर्य ग्रहण के प्रभाव से दूर रहेंगे। सूर्य ग्रहण के सूतक काल के नियम लागू नहीं होंगे।

### सूतक काल में क्या न करें?

सूर्य ग्रहण का सूतक काल नहीं लगेगा, लेकिन आपकी जानकारी के लिए बता दें कि सूतक काल में कौन कौन से काम नहीं करते हैं-

सूतक काल में मंदिरों के कपाट बंद कर देते हैं। भगवान की पूजा नहीं होती है।

सूतक काल के समय में भोजन करना, खाना बनाना, घर के बाहर जाना, स्नान, दान, पूजा पाठ सब पर रोक रहती है।

गर्भवती महिलाओं को सूतक काल में घर से बाहर नहीं जाना चाहिए और न ही नुकीली वस्तुओं का उपयोग करना चाहिए।

सूतक के समय में सोने की भी मनाही है।

### सूतक काल में क्या करें

आप सूतक काल में भगवान के नाम का भजन करें। यदि आपने कोई गुरु मंत्र ले रखा है तो उस मंत्र का जाप करें।

नहीं तो आप चाहें तो अपने इष्ट देव के नाम का जाप करें। गर्भवती महिलाओं को संतान गोपाल मंत्र या किसी भी सुरक्षा मंत्र का जाप करनी चाहिए।

जब सूतक काल खत्म हो जाए तो पूजा स्थान और घर की साफ-सफाई करें। उसके बाद स्नान करके सूतक काल में पहने गए कपड़ों को निकालकर धो दें। साफ कपड़े पहनें। भगवान की पूजा करें और उनको भोग लगाएं। यदि कोई भोजन पहले से रखा है तो उसमें तुलसी के पत्ते डाल दें। इससे ग्रहण का दोष खत्म हो जाता है।

## सुबह या दोपहर..पितृपक्ष में ब्राह्मण भोज का सही समय क्या है?

इन दिनों को कनागत या श्राद्ध भी कहा जाता है। परंपरा के अनुसार सुबह का समय यानी दोपहर 12 बजे तक देवताओं के कार्यों के लिए निर्धारित होता है। इसलिए, सुबह ब्राह्मण को भोजन कराना सही नहीं माना जाता है। पितरों का समय दोपहर का है यानी 12 बजे के बाद। ऐसे में श्राद्ध कर्म और ब्राह्मण भोज दोपहर में ही करना चाहिए।

इस बार खास बात यह है कि पितृपक्ष का समापन रविवार को सर्वपितृ अमावस्या के दिन होगा। इसे सबसे बड़ी अमावस्या कहा जाता है क्योंकि इस दिन सिर्फ अपने पिता-दादा ही नहीं बल्कि सभी पितरों के निमित्त तर्पण और श्राद्ध किया जाता है।

**किसे खिलाएं सबसे पहले खाना**

स्वामी कामेश्वरानंद के अनुसार इस दिन दोपहर में कुछ खास कार्य करना बेहद फलदायी होता है। सबसे पहले गौ माता को गुड़ या चना खिलाना चाहिए। दूसरा, कुत्ते को भोजन दें और तीसरा, कौवे को भी कुछ खाने को जरूर डालें। अगर कोई सदाचारी ब्राह्मण पूजा-पाठ में मिल जाए तो उसे भी दोपहर में भोजन कराना चाहिए।

श्राद्ध के दिन एक और जरूरी परंपरा है...जौ, तिल और जल दक्षिण दिशा की ओर मुख करके पितरों को अर्पित करना। ऐसा करने से घर में सुख-समृद्धि आती है और संतान की वृद्धि होती है। लोक मान्यता है कि पितरों को प्रसन्न करने से जीवन में हर संकट दूर हो जाता है और घर परिवार में शांति बनी रहती है। इसलिए ध्यान रहे पितरों का भोजन और तर्पण हमेशा दोपहर में ही करें। यही सही समय है और यही परंपरा का नियम।

# नवरात्रि में बदलें किस्मत, 7 वास्तु टिप्स कर देंगे जीवन में मालामाल

नवरात्रि एक आध्यात्मिक और ऊर्जा से भरपूर समय है। अगर आप इन आसान लेकिन प्रभावशाली वास्तु उपायों को अपनाते हैं, तो निश्चित ही आपके जीवन में धन, सुख, समृद्धि और शांति का वास होगा।

इस नवरात्रि, अपने घर को बनाएं एक आध्यात्मिक और पॉजिटिव एनर्जी से भरपूर स्थान। नवरात्रि सिर्फ भक्ति और उपवास का पर्व नहीं है, बल्कि यह अपने घर और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा भरने का भी समय है। वास्तु शास्त्र के अनुसार इन 9 पावन दिनों में किए गए छोटे-छोटे उपाय कई गुना फलदायी होते हैं।

घर की साफ-सफाई से करें शुरुआत नवरात्रि से पहले पूरे घर की गहराई से सफाई करें।

टूटी-फूटी, बेकार और अनुपयोगी चीजें घर से बाहर निकालें। गंदगी और अव्यवस्था से निगेटिव एनर्जी बढ़ती है, जो आर्थिक और मानसिक समस्याओं का कारण बनती है।



पूजा स्थान की दिशा पूर्व या उत्तर-पूर्व पूजा या कलश स्थापना पूर्व (East) या उत्तर-पूर्व (North-East) दिशा में करें। यहीं मां दुर्गा की प्रतिमा या फोटो रखें। ये दिशा पॉजिटिव एनर्जी के प्रवाह की मुख्य दिशा मानी जाती है।

मुख्य द्वार को बनाएं शुभता का प्रवेश द्वार मुख्य दरवाजे को साफ और सुसज्जित रखें। आम्रपल्लव, बंदनवार, तोरण लगाएं। दरवाजे के दोनों ओर दीपक जलाएं और रंगोली बनाएं - इससे लक्ष्मी का आगमन होता है।

दीपक और रोशनी से बढ़ेगी पॉजिटिविटी हर शाम पूजा घर में घी या तेल का दीपक जलाएं दीपक को घर के दक्षिण-पूर्व कोने में भी जलाएं - यह अग्नि तत्व को संतुलित करता है और निगेटिव ऊर्जा हटाता है अंधेरे कोनों में भी रोशनी रखें।

किचन में भी छुपा है समृद्धि का रहस्य किचन की साफ-सफाई पर ध्यान दें। अनाज का डिब्बा खाली न रखें, और उसे उत्तर-पश्चिम में रखें। नमक और मसाले दक्षिण-पश्चिम (South-West) दिशा में रखें - यह घर में स्थिरता लाता है।

धनवर्धक पौधे लगाएं -तुलसी का पौधा उत्तर-पूर्व दिशा में लगाएं। -मनी प्लांट दक्षिण-पूर्व दिशा में रखें - ये दोनों पौधे सकारात्मक ऊर्जा और धन आकर्षित करते हैं।

साउंड वाइब्रेशन का उपयोग करें नवरात्रि में घर में सुबह-शाम शंख बजाएं या घंटी घुमाएं। इससे घर की वायुमंडलीय ऊर्जा शुद्ध होती है और सकारात्मक कंपन फैलते हैं।

# 'कपड़ों से लेकर रिश्तों तक पर मुझे ट्रोल किया गया' मलाइका ने बताया कैसे आलोचनाओं का किया सामना

बॉलीवुड अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा अपने हॉट अंदाज और डांस नंबर्स के अलावा अपनी बेबाकी को लेकर भी जानी जाती हैं। मलाइका अपनी पर्सनल लाइफ, अपनी रिलेशनशिप और फैशन के मुद्दों पर खुलकर राय रखती हैं। अब एक बार फिर मलाइका ने बताया कि कैसे वो ट्रोलिंग का सामना करती हैं। किस तरह से ये आलोचनाएं, उन्हें और मजबूत बनने व जीवन में आगे बढ़ने में मदद करती हैं।

**वही कहानी मायने रखती है, जो आप खुद के लिए लिखते हैं**

बातचीत के दौरान मलाइका ने बताया कि यह मुश्किल था क्योंकि लोग आपको यह बताना पसंद करते हैं कि आपको क्या होना चाहिए और क्या नहीं। मुझे मेरे करियर, मेरे कपड़ों, मेरे रिश्तों हर चीज के लिए आंका गया। लेकिन जिस दिन मैंने खुद को समझाना बंद कर दिया, उसी दिन मुझे आजादी का एहसास हुआ। मेरी सबसे बड़ी सीख है कि सिर्फ वही कहानी मायने रखती है जो आप खुद के लिए लिखते हैं।



**मैंने हमेशा अपनी शर्तों पर जी है जिंदगी**

मलाइका ने आगे कहा कि उन्होंने हमेशा जिंदगी अपनी शर्तों पर जी है, चाहे वह फैशन हो, फिटनेस हो या निजी फैसले। मेरा मानना है कि असली आत्मविश्वास खुद के प्रति ईमानदार रहने से आता है, लेकिन हां, आत्म-संदेह स्वाभाविक है। मेरे लिए आत्मविश्वास का मतलब कठिनाइयों के बावजूद शालीनता से आगे बढ़ना है।

**अपने रिश्तों को लेकर सुर्खियों में रहती हैं मलाइका**

मलाइका अक्सर अपने रिश्तों को लेकर सुर्खियों में रहती हैं। 2017 में अरबाज खान से अपनी शादी टूटने के बाद, वो अभिनेता अर्जुन कपूर के साथ रिश्ते को लेकर काफी चर्चाओं में रहीं।


दोनों ने कुछ साल तक एक-दूसरे को डेट किया, लेकिन पिछले साल कथित तौर पर उनका ब्रेकअप हो गया। अपने पूरे रिश्ते के दौरान, उन्हें उम्र के फासले को लेकर लगातार ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा। हालांकि, मलाइका बेबाक रहीं, उन्होंने खुलकर अर्जुन के प्रति अपने प्यार का इजहार किया और अपनी शर्तों पर जिंदगी जीती रहीं।

# 'वो घर की बहू हैं', ऐश्वर्या-अभिषेक के तलाक पर बोले प्रह्लाद, कहा- ऐश ने हमेशा मर्यादा रखी

ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक बच्चन के तलाक की खबरें अक्सर एंटरटेनमेंट की गलियों में घूमती रहती हैं। कई बार ऐसी खबरें आईं कि दोनों की शादी में सबकुछ ठीक नहीं रह रहा है और ऐश्वर्या अपनी मां के साथ रहती हैं। हालांकि, अभिषेक या ऐश्वर्या ने इन पर कभी कोई खास तवज्जो नहीं दिया। इन चर्चाओं के बीच दोनों ने कई मौकों पर एक साथ नजर आकर सभी अफवाहों पर विराम लगा दिया। अब ऐड गुरु प्रह्लाद कक्कड़ ने ऐश्वर्या और अभिषेक की शादी, तलाक और जया बच्चन से ऐश्वर्या के रिश्ते पर बात की है।

**अपनी मां के काफी करीब हैं ऐश्वर्या**

ऐश्वर्या की मां के घर वाली बिल्डिंग में ही रहने वाले प्रह्लाद कक्कड़ ने अब ऐश-अभिषेक की शादी और ऐश के अपनी मां के घर रहने के पीछे की सच्चाई बताई है। विक्की लालवानी के साथ बातचीत के दौरान प्रह्लाद ने बताया कि मैं ऐश्वर्या राय की मां वृंदा राय की बिल्डिंग में रहता हूं और



जानता हूं कि बिल्डिंग में ऐश्वर्या कितना वक्त बिताती हैं। वह अपनी मां के घर आती हैं क्योंकि उनकी तबीयत नहीं ठीक है। ऐश्वर्या अपनी बेटी को स्कूल भेजने जाती हैं और फिर उसे लेने जाती हैं। इस बीच उनके पास वक्त होता है तो अपनी मां के पास आ जाती हैं। उनके साथ वक्त बिताती हैं। इसके बाद बेटी को लेकर चली जाती हैं। मैं जानता हूं कि वह अपनी मां के कितनी करीब हैं और उनकी कितनी चिंता करती हैं।

**अभी भी घर चलाती हैं ऐश्वर्या**

प्रह्लाद कक्कड़ से पूछा गया कि ऐश्वर्या तलाक लेने का सोच रही थीं क्योंकि उन्हें अपनी सास जया बच्चन और ननद श्वेता से दिक्कत है। इस पर प्रह्लाद ने कहा कि तो क्या हुआ? वह घर की बहू हैं और अभी भी घर चलाती हैं। मैं जानता हूं कि उन खबरों में कोई सच्चाई नहीं थी। क्योंकि मुझे पता है कि वह वहां क्यों आती थीं। लोग बोल रहे थे कि वह शादी खत्म कर रही हैं और अपनी मां के साथ रह रही हैं। वह बस आकर उतनी देर वहां वक्त बिता रही थीं, जितनी देर बेटी स्कूल में होती थी। संडे को वह नहीं आती थीं। मुझे उनकी चिंताएं पता हैं। कभी-कभी अभिषेक भी आकर उनकी मां से मिलते थे।

**लोगों को जो कहना है, कहते रहें**

प्रह्लाद ने आगे बताया कि अगर आप नोटिस करेंगे तो ना तो अभिषेक और ना ऐश्वर्या ने इस पर कभी कोई कमेंट किया है। वो कभी इन पर कभी कोई प्रतिक्रिया देंगे भी नहीं। तुम्हें जो कहना है कहते रहो। ऐश्वर्या ने हमेशा अपनी मर्यादा रखी और लोगों को इसी वजह से उनसे चिढ़ होती है।

# प्रियंका चोपड़ा ज्यादा पॉपुलर, निक जोनस भी फेमस... पर अमीरी में कौन आगे?



बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा बॉलीवुड के बाद हॉलीवुड में भी छाई गई हैं, वहीं एक्ट्रेस से शादी के बाद भारत में निक जोनस की पॉपुलैरिटी में जबरदस्त इजाफा देखने को मिला है. प्रियंका और निक 2018 में जोधपुर में शादी के बंधन में बंधे थे. दोनों ने हिंदू और ईसाई रीति-रिवाजों के साथ शादी की थी. इसके बाद प्रियंका और निक ने 2022 में सरोगेसी के जरिए अपनी बेटी मालती मैरी का वेलकम किया था.

प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस की जोड़ी फैंस को खूब पसंद आती है. प्रियंका और निक की पॉपुलैरिटी भले ही एक जैसी हो, लेकिन दौलत के मामले में दोनों के बीच काफी फासला है. आइए जानते हैं कि प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस में कौन ज्यादा अमीर है.

**प्रियंका चोपड़ा के पास कितनी दौलत है?**

प्रियंका चोपड़ा ने 2003 की फिल्म 'द हीरो: लव स्टोरी ऑफ ए स्पाई' से बॉलीवुड डेब्यू किया था.

लेकिन एक्ट्रेस को असल पहचान 2004 की फिल्म 'अंदाज' से मिली.

अंदाज के लिए प्रियंका को बेस्ट फीमेल डेब्यू के लिए फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला था.

एक्ट्रेस ने 'ऐतराज', 'मुझसे शादी करोगी', 'बरसात', 'कृष' और 'दोस्ताना' समेत अनगिनत फिल्मों में काम किया.

2017 में प्रियंका ने एक्शन-कॉमेडी फिल्म 'बेवॉच' से हॉलीवुड डेब्यू किया.

एक्ट्रेस भारतीय फिल्मों के लिए अब 20 से 30 करोड़ की फीस लेती है.

जबकि हॉलीवुड सीरीज 'सिटाडेल' के लिए उन्होंने 41 करोड़ रुपए चार्ज किए थे.

अपने सालों के करियर में उन्होंने अपने टैलेंट से जमकर कमाई की है.

प्रियंका चोपड़ा की नेटवर्थ 583 करोड़ रुपए है.

**निक जोनस की नेटवर्थ कितनी है?**

निक जोनस पॉपुलर सिंगर होने के साथ-साथ एक एक्टर भी हैं.

उन्होंने सात साल की उम्र में ब्रॉडवे पर एक्टिंग करनी शुरू की थी.

निक जोनस अपने बड़े भाइयों केविन और जो के साथ मिलकर एक बैंड चलाते हैं.

अपने बैंड और बिजनेस ने निक जोनस ने खूब दौलत बटोरी है और रईसी में बीवी प्रियंका से आगे निकल गए हैं.

निक जोनस की नेटवर्थ 666 करोड़ रुपए है.

# फिल्म 'ड्रैगन' के लिए जूनियर एनटीआर ने किया गजब का ट्रांसफॉर्मेशन



साउथ सिनेमा के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'ड्रैगन' को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में उनका एक जिम वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जो उनके फैंस के बीच तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में एनटीआर का गजब का ट्रांसफॉर्मेशन नजर आ रहा है। माना जा रहा है कि एक्टर अपनी आने वाली फिल्म के लिए इन दिनों जिम में जमकर पसीना बहा रहे हैं।

**जूनियर एनटीआर का नया लुक**

जूनियर एनटीआर ने प्रशांत नील की इस फिल्म के लिए खुद को पूरी तरह ट्रांसफॉर्म कर लिया है। उन्होंने वजन घटाया है और अब उनका लुक पहले से कहीं ज्यादा लीन और फिट दिखाई दे रहा है।अभिनेता ने पहले भी 'आरआरआर' जैसी फिल्मों में अपने दमदार परफॉर्मेंस से दर्शकों का दिल जीता है और अब 'ड्रैगन' के लिए भी दिन-रात एक कर रहे हैं।

**बड़े स्केल पर बन रही फिल्म**

ड्रैगन का निर्देशन कर रहे हैं प्रशांत नील, जिन्होंने 'केजीएफ' और 'सालार' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों से अपनी पहचान बनाई। इंडस्ट्री में चर्चा है कि यह फिल्म उनकी अब तक की सबसे बड़ी और महत्वाकांक्षी परियोजना है। बताया जा रहा है कि निर्देशक इस बार किसी बजट सीमा से बंधे नहीं हैं। यानी दर्शकों को एक ऐसा सिनेमाई अनुभव मिलने वाला है जिसमें एक्शन, विजुअल्स और स्टोरीटेलिंग सब कुछ भव्य स्तर पर होगा। फिल्म में कैमरे के पीछे भी वही मजबूत टीम है, जिसने केजीएफ जैसे सिनेमाई चमत्कार को संभव किया था। सिनेमैटोग्राफर भुवन गौड़ा और संगीतकार रवि बसूर एक बार फिर प्रशांत नील के साथ काम कर रहे हैं।

**रुक्मिणी वसंत भी आएंगी नजर**

फिल्म की लीड एक्ट्रेस के रूप में रुक्मिणी वसंत नजर आएंगी। वहीं खबर यह भी है कि 'कांतारा' फेम अभिनेता-निर्देशक ऋषभ शेट्टी का इसमें कैमियो हो सकता है। हालांकि इस पर आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है, लेकिन अगर यह सच हुआ तो फिल्म के प्रति दर्शकों का उत्साह और भी बढ़ जाएगा।

**फिल्म की रिलीज डेट**

फिल्म की शूटिंग इस साल मार्च में शुरू हो चुकी है और मेकर्स ने इसकी रिलीज डेट 25 जून 2026 तय कर दी है। पहले फिल्म का फर्स्ट लुक जूनियर एनटीआर के जन्मदिन पर जारी होना था, लेकिन इसे आगे बढ़ा दिया गया ताकि अभिनेता की एक और बड़ी फिल्म 'वॉर 2' की घोषणा को स्पेस मिल सके।

# शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा से 5 घंटे की कड़ी पूछताछ, 60 करोड़ के स्कैम में एक्ट्रेस का भी नाम



मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने 60 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी के मामले में अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा के खिलाफ जांच तेज कर दी है। इस सिलसिले में राज कुंद्रा को पूछताछ के लिए बुलाया गया, जहां उनसे 5 घंटे तक सवाल-जवाब किए गए।

मुंबई पुलिस के आधिकारिक बयान के अनुसार, शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा के खिलाफ 60 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में जांच चल रही है। EOW ने राज कुंद्रा को समन भेजा था और उनकी पूछताछ की गई। उनका बयान दर्ज कर लिया गया है, और उन्हें अगले हफ्ते फिर से पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा।

इस मामले ने बॉलीवुड और कारोबारी जगत में हलचल मचा दी है। जांच के अगले चरण में क्या खुलासे होंगे, इस पर सबकी नजरें टिकी हैं।

मामले में कारोबारी दीपक कोठारी ने आरोप लगाया है कि शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा ने मिलकर उन्हें 60 करोड़ रुपए का चूना लगाया। उनका दावा है कि उन्होंने 2015 से 2023 के बीच राज कुंद्रा को बिजनेस एक्सपेंशन के नाम पर पैसे दिए थे, लेकिन बाद में उन्हें पता चला कि ये रकम बिजनेस में नहीं, बल्कि कपल ने निजी खर्चों में इस्तेमाल की। शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

**शिल्पा शेट्टी को लेकर एक नई चर्चा शुरू**

शिल्पा शेट्टी के बांद्रा वाले मशहूर रेस्टोरेंट 'बैस्टियन' को लेकर सोशल मीडिया पर अफवाहों का बाजार गर्म हो गया। खबरें उड़ीं कि ये पॉपुलर हैंगआउट स्पॉट जल्द ही बंद होने वाला है। लेकिन शिल्पा ने इन अफवाहों पर फुल स्टॉप लगाते हुए साफ-साफ बयान दे दिया।

उन्होंने कहा, बैस्टियन बंद होने की बातें बकवास हैं! मुझे ढेर सारे कॉल्स आए, लेकिन ये सब सिर्फ अफवाहें हैं। इतना ही नहीं, शिल्पा ने फैंस को सरप्राइज देते हुए बताया कि वे 'बैस्टियन' के जरिए दो नए रेस्टोरेंट्स लॉन्च करने जा रही हैं। पहला है 'अम्माकाई', जहां आपको शुद्ध दक्षिण भारतीय मैंगलोरियन खाने का लाजवाब स्वाद मिलेगा। दूसरा है 'बैस्टियन बीच क्लब', जो जुहू में खुलेगा और एकदम नया वाइब देगा। शिल्पा का मकसद है लोगों को नए फ्लेवर्स और शानदार डाइनिंग एक्सपीरियंस देना। तो, तैयार हो जाइए, क्योंकि शिल्पा का 'बैस्टियन' न सिर्फ बरकरार है, बल्कि और भी बड़ा धमाका करने वाला है!

# आतंकी हमले का शिकार होने वाली थी एक्ट्रेस राधिका, बाल-बाल बची थी जान



बॉलीवुड और साउथ सिनेमा की वो खूबसूरत अभिनेत्री जिनकी जान जाते-जाते बची थी। जो अमिताभ बच्चन के साथ भी काम कर चुकी हैं। हम बात कर रहे हैं जानी-मानी एक्ट्रेस राधिका सरथकुमार की। एक्ट्रेस की जिंदगी किसी फिल्म से कम नहीं रहीं। उन्होंने कई सुपरहिट फिल्में दी हैं और अपने दमदार किरदारों से दर्शकों के दिलों में जगह भी बनाई, लेकिन क्या आप जानते हैं कि एक बार वो एक भयानक आतंकवादी हमले का शिकार होने से बाल-बाल बची थीं ये हादसा इतना खतरनाक था कि इसमें कई लोगों की जान चली गई थी।

**अमिताभ बच्चन की ऑनस्क्रीन बहन**

हिंदी सिनेमा के दर्शक राधिका सरथकुमार को खास तौर पर फिल्म 'आज का अर्जुन' में अमिताभ बच्चन की बहन के रोल और 'नसीब अपना अपना' में चंदो के किरदार के लिए याद किया जाता है। हिंदी में भले ही उन्होंने गिनी-चुनी फिल्में की हों, लेकिन तमिल, तेलुगु और मलयालम सिनेमा में उनका एक बड़ा नाम है और वो आज भी एक्टिंग में एक्टिव हैं।

**जब मौत को दिया चकमा**

बता दें, एक्ट्रेस राधिका के साथ यह घटना साल 2019 में घटी थी। राधिका श्रीलंका में जिस होटल शांग्री-ला में ठहर हुई थीं उसी होटल को ईस्टर संडे को हुए आतंकवादी हमले में निशाना बनाया गया था। कोलंबो और नेगोंबो के कई चर्चों और लग्जरी होटलों पर सीरियल बम धमाके हुए थे। इन हमलों में कहा जाता है कि लगभग 250 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी और सैकड़ों लोग घायल हुए थे। राधिका की किस्मत अच्छी थी कि वो धमाके से कुछ घंटे पहले ही होटल से निकल चुकी थीं। अगर वह वहां होतीं तो शायद उनकी जान भी खतरे में पड़ सकती थी। इस दर्दनाक अनुभव ने एक्ट्रेस की जिंदगी पर गहरा असर डाला था।

**फिल्मी कहानी जैसी निजी जिंदगी**

राधिका की निजी जिंदगी भी काफी उतार-चढ़ाव भरी रही है। उनके पिता ने एक बड़े फिल्म स्टार की हत्या कर दी थी, जिसकी वजह से उनका बचपन श्रीलंका में बीता। उन्होंने तीन शादियां कीं। पहली दो नाकाम रहीं, लेकिन तीसरी शादी एक्टर और राजनेता सरथकुमार से हुई, जो सफल रही। राधिका की जिंदगी के ये अनुभव दिखाते हैं कि वो न सिर्फ पर्दे पर, बल्कि असल जिंदगी में भी एक मजबूत और बहादुर इंसान हैं।

# हेमा मालिनी हो गईं थीं परेशान, 'ड्रीम गर्ल' का एक ऐसा सच जिसे आज भी नहीं जानते लोग

बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री हेमा मालिनी ने अपने करियर के शुरुआती दिनों की एक दिलचस्प कहानी साझा की, जिसमें उन्हें एक तमिल फिल्म से सिर्फ इसलिए बाहर कर दिया गया क्योंकि वह 'बेहद पतली' थीं।



हेमा ने खुलकर बताया कि कैसे उनके करियर की शुरुआत में एक तमिल फिल्म में काम करने का मौका मिला था। उन्होंने उत्साह के साथ शूटिंग शुरू की, लेकिन जल्द ही सपना टूट गया। क्योंकि सबसे बड़ी वजह थी उनका पतला कद-काठी, जिसे उस दौर में हीरोइन के लिए उपयुक्त नहीं माना गया। हालांकि इस रिजेक्शन ने हेमा को शुरुआत में निराश किया, लेकिन उन्होंने इसे एक सबक की तरह लिया। इस अनुभव ने उन्हें और मजबूत बनाया, और वह आगे चलकर बॉलीवुड की 'ड्रीम गर्ल' बनकर उभरीं।

**एक्ट्रेस ने बताई आपबीती**

'शोले' की अभिनेत्री ने याद करते हुए कहा, तमिल फिल्म का एक ऑफर आया था। मैंने काम शुरू कर दिया। लेकिन किसी तरह विषय-वस्तु अच्छी नहीं थी। क्योंकि उन दिनों कोई एक्टिंग स्कूल नहीं था। इसलिए, मैं इस अभिनय क्षेत्र में बिल्कुल नई थी। मैं सिर्फ नृत्य जानती थी। नृत्य के जरिए, मैं जो भी हाव-भाव करती या जो भी संवाद बोलती, वह वैसा ही होता था। लेकिन किसी तरह उन्हें लगा कि मैं बहुत सही नहीं हूं। और मैं बहुत पतली थी। पतली कहूँ या पतली। मुझे नहीं पता। मैं बहुत पतली थी।

दक्षिण के दर्शकों के लिए, आप जानते हैं, उन दिनों की अभिनेत्रियां काफी स्वस्थ किस्म की होती थीं। मैं ऐसी नहीं थी। तो, यही कमी थी। इसलिए, अच्छा हुआ कि मैंने वह काम नहीं किया। लेकिन उस समय, मैं सोच रही थी कि मैंने यह काम क्यों किया? इतने सारे ऑफर आए। क्योंकि यह मेरे लिए एक असफलता जैसा था। मैं नहीं कर सकती थी। उन्होंने मुझे और इस सब को अस्वीकार कर दिया। मुझे इस बात का बहुत दुख हुआ।

फारूक शेख द्वारा होस्ट किए गए इस सेलिब्रिटी टॉक शो में हेमा मालिनी के उल्लेखनीय सफर को याद किया गया, जहां उनके परिवार और दोस्तों ने उनकी अनुशासित जीवनशैली और नृत्य के प्रति अटूट प्रेम पर प्रकाश डाला। इस एपिसोड में जीतेंद्र और धर्मेंद्र जैसी जानी-मानी हस्तियों के मार्मिक संदेश भी

# 'सैयारा' की हीरोइन अनीत पड्डा एक नई फिल्म 'न्याय' में धमाल मचाने को तैयार

बॉलीवुड में अनीत पड्डा ने अपनी डेब्यू फिल्म 'सैयारा' से बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया। अनीत की शानदार एक्टिंग ने हर किसी को उनका फैन बना दिया। खबर है कि अनीत पड्डा ने 'सैयारा' की सफलता के बाद एक नई फिल्म साइन की है, जिसमें वे कुछ बड़े सितारों के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी। फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं कि इस बार अनीत किस अंदाज में दर्शकों का दिल जीतेंगी।



**क्या है फिल्म का नाम?**

दअसल अनीत पड्डा अब एक नई फिल्म 'न्याय' में धमाल मचाने को तैयार हैं! इस फिल्म में अनीत एक ऐसी युवा लड़की का किरदार निभाएंगी, जो अपने साथ हुए अन्याय के खिलाफ हिम्मत से लड़ती है। उनके साथ लीड रोल में नजर आएंगे फातिमा सना शेख और अर्जुन माथुर।

रिपोर्ट के मुताबिक, 'न्याय' एक पावरफुल कोर्टरूम ड्रामा है, जो महिलाओं के खिलाफ होने वाले अत्याचारों पर जोरदार प्रहार करती है। अनीत इसमें एक ऐसी पीड़िता की भूमिका में हैं, जो एक तथाकथित आध्यात्मिक गुरु के खिलाफ कोर्ट में इंसाफ की लड़ाई लड़ती है। फिल्म की कहानी अनीत के किरदार के इर्द-गिर्द बुनी गई है।

फिल्म का निर्देशन नित्या मेहरा कर रही हैं, जिन्होंने 'बार-बार देखो' और 'मेड इन हेवन' जैसी शानदार प्रोजेक्ट्स से अपनी खास पहचान बनाई है।

मोहित सूरी के निर्देशन में बनी रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'सैयारा' ने 2025 में बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया है। मात्र 45 करोड़ में बनी यह फिल्म अब तक 577 करोड़ की शानदार कमाई कर चुकी है, और इसे साल की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में से एक माना जा रहा है। दर्शकों के दिलों को छूने वाली इस लव स्टोरी ने साबित कर दिया कि सच्ची कहानी और दमदार निर्देशन का जादू बॉक्स ऑफिस पर राज करता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर

# भाजपा ने स्वच्छता अभियान व रक्तदान शिविर चलाया

**नोएडा ( चेतना मंच )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में भाजपा नोएडा महानगर जिला अध्यक्ष महेश चौहान के नेतृत्व में विशेष सेवा कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर सभी आठों मंडलों में स्वच्छता अभियान चलाया गया एवं रक्तदान शिविर रोटरी ब्लड बैंक, सेक्टर-31, नोएडा में आयोजित हुआ। इन सेवा कार्यों में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



स्वच्छता अभियान के बाद सीएचसी सेक्टर-110 में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विशेष रूप से महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच कराई गई।

डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि मोदी जी ने भारतीय राजनीति में सेवा, समर्पण और पारदर्शिता का एक नया आदर्श स्थापित किया है। मातृशक्ति के सशक्तिकरण हेतु उनके प्रयास इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज रहेंगे। उन्होंने कहा कि मोदी जी स्वतंत्र भारत में जन्म लेने वाले पहले प्रधानमंत्री है और उन्होंने भारत को सशक्त एवं समृद्ध बनाने के लिए अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा में समर्पित कर दिया है।

सांसद डॉ. महेश शर्मा ने कहा कि मोदी जी ने राष्ट्र सेवा और समाज कल्याण को अपना जीवन समर्पित किया है। स्वच्छता और रक्तदान जैसे कार्य उनके 'सेवा ही संगठन' मंत्र को आगे बढ़ाने का माध्यम हैं।

नोएडा वासियों को अपने संबोधन में विधायक पंकज सिंह ने कहा कि मोदी जी का जन्मदिन केवल उत्सव नहीं बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने का अवसर है। उन्होंने महिलाओं और वंचित वर्ग के लिए जो योजनाएँ चलाई हैं, वे समाज को नई दिशा दे रही हैं।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल, पूर्व मंत्री नवाब सिंह नगर, सतपाल सैनी, विमला बाथम, विनोद त्यागी संजय वाली, डिंपल आनंद गणेश जाटव, चंदगीराम यादव, महेश अवाना, मनीष शर्मा, विनोद शर्मा, रामनिवास यादव, गिरीश कोटनाला, सत्यनारायण महावर, रामकिशन यादव दीनबंधु कुमार, शशिधर उपाध्याय, प्रदीप चौहान, गौतम शर्मा, मनीष तिवारी एसपी चमोली प्रमोद बहल, धर्मेंद्र गुप्ता, सुचित्रा कक्कड़,अमित त्यागी, उमेश त्यागी, अर्पित मिश्रा, विपुल शर्मा, तुषार गोयल, कौशल यादव, कालू पंडित, प्रज्ञा पाठक, शारदा चतुर्वेदी, जितेंद्र सिंह तोमर एवं दीपक शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बेरोजगारी दिवस के रूप में मनाया पीएम का जन्मदिवस

## बेरोजगारों व युवाओं को 11 वर्षों से धोखा दे रही मोदी सरकार : शाहबुद्दीन



**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-10 बांस बल्ली मार्किट में भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व के आहान पर एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष पारस शुक्ला के निर्देश पर प्रधानमंत्री मोदी के जन्म दिवस को राष्ट्रीय बेरोजगारी दिवस के रूप में एवं वोट चोर के रूप में मनाया।

इस अवसर पर युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव शाहबुददीन ने कार्यकर्ताओं के साथ ठेली पर खड़े होकर पकौड़े तले तथा बेरोजगारी के खिलाफ विरोध जताया। उन्होंने कहा कि अभी तक सरकार बेरोजगार युवाओं को रोजगार नहीं दे पाई। यह सरकार झूठों की सरकार है।

इस अवसर पर पश्चिम उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव शाहबुद्दीन,पीसीसी सदस्य मोहम्मद चांद, मोहित,पीयूष, विक्की, अरमान, प्रमोद, सन्नी, सोनू व कई साथी मौजूद रहे।

# पीएम के जन्मदिन पर भाजपाइयों ने किया रक्तदान



**नोएडा ( चेतना मंच )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं तथा कार्यकर्ताओं ने सेक्टर-31 स्थित रोटरी ब्लड बैंक पर अभियान चलाकर रक्तदान किया। इस अवसर पर कई भाजपा कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया तथा प्रधानमंत्री के दीर्घजीवी होने की शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर फोनरवा के संरक्षक तथा समाजसेवी त्रिलोक शर्मा, भजपा के वरिष्ठ नेता तथा प्रसिद्ध समाजसेवी पं. रविकांत शर्मा, मनोज शर्मा, तुषार गोयल तथा मंडल अध्यक्ष गोपाल गौड आदि मौजूद थे।

# एनआईबी स्वास्थ्य प्रणाली को बना रही है सशक्त : गडकरी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा स्थित राष्ट्रीय जैविक संस्थान (एनआईबी) में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के देशव्यापी अभियान 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' का शुभारंभ केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी द्वारा किया गया। यह अभियान 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर, 2025 तक चलेगा। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी, गौतमबुद्ध नगर के सांसद डॉ. महेश शर्मा तथा नोएडा विधायक पंकज सिंह, जिलाधिकारी श्रीमती मेधा रूपम उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय मंत्री द्वारा वृक्षारोपण से हुआ। इसके उपरांत एनआईबी निदेशक ने अतिथियों का स्वागत किया और संस्थान की कार्यप्रणाली तथा इस अभियान से उसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। दीप प्रज्वलन के साथ अभियान का औपचारिक शुभारंभ किया गया।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि महिला स्वास्थ्य का सीधा संबंध बच्चों के कल्याण, परिवार की स्थिरता और समाज के समग्र विकास से है। उन्होंने इस अभियान को 'स्वस्थ महिला, सशक्त परिवार, सशक्त राष्ट्र' की अवधारणा से जोड़ते हुए इसे जन-आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाने का आह्वान किया।



उन्होंने राष्ट्रीय जैविक संस्थान की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्थान सुरक्षित डायग्नोस्टिक्स, वैक्सीन और चिकित्सीय उत्पादों की उपलब्धता के माध्यम से स्वास्थ्य प्रणाली को सशक्त बनाने में महत्त्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह अभियान महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण संबंधी जागरूकता और परिवार व समुदाय के निर्णयों में महिलाओं की सहभागिता को प्रोत्साहित करेगा। इस अवसर पर सांसद डॉ महेश शर्मा, राज्यसभा सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी व नोएडा विधायक पंकज सिंह ने भी अपने विचार रखे और महिला स्वास्थ्य एवं सशक्तिकरण को समाज के विकास की नींव बताया।

# कीटनाशक विक्रेता पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराएं

**नोएडा ( चेतना मंच )।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी गौतमबुद्धनगर ने बताया कि भारत सरकार द्वारा कीटनाशकों (पेस्टीसाईडस) के स्टाक रखरखाव व विक्रय के लिए पोर्टल बनाया गया है, जिस पर जनपद के सभी कीटनाशी कारोबारियों को अपने से संबंधित विवरण अविलम्ब दर्ज कराये जाने के निर्देश बार-बार दिये जा रहे हैं, इसके लिये ipms (इन्टीग्रेटिड पेस्टीसाईडस मैनेजमेंट सिस्टम) www.ipms.gov.in पोर्टल पर ऑन लाईन रजिस्ट्रेशन कराया जाना है। उन्होंने निर्देश दिए कि अविलम्ब पोर्टल पर ऑन लाईन रजिस्ट्रेशन कराकर सूचित करें, यह कार्य शासन के प्राथमिकता बिन्दुओं में है, जिसका अक्षरश: पालन सुनिश्चित करना आपका दायित्व है। आपको सचेत करते हुए स्पष्ट रूप से अवगत कराना है, कि अब कीटनाशी विनिर्माता कम्पनियों द्वारा केवल पोर्टल पर रजिस्टर्ड डीलरों को ही कीटनाशक विक्रय किया जा सकेगा, ऐसी स्थिति में यदि किसी डीलर द्वारा नियत समय में पोर्टल पर पंजीकरण नही किया जाता है, तो कीटनाशी अधिनियम-1968 एवं नियमावली 1971 का उल्लंघन मानते हुए आपको प्रदत्त कीटनाशी लाईसेंस निलम्बित / निरस्त की कार्यवाही अमल में लायी जायेगी, जिसका पूर्ण दायित्व आपका होगा।

# 30 सितंबर तक 'नो हेलमेट, नो फ्यूल' अभियान

गौतमबुद्धनगर। जिलाधिकारी मेधा रूपम ने बताया कि जनपद में सडक सुरक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने तथा हेलमेट न पहनने के कारण सडक दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से जनपद में 30 सितम्बर तक 'नो हेलमेट, नो फ्यूल' के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा-129 एवं उ0प्र0 मोटरयान नियमावली 1998 के नियम-201 के अनुसार सभी दो पहिया चालको एवं सवारियों के लिये भारतीय मानक ब्यूरो (बी0आई0एस0) द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप प्रोटेक्टिव हेडगियर (हेलमेट) पहनना अनिवार्य है। इन प्राविधानों का उल्लंघन केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 177 के तहत दण्डनीय है, जिसमें जुर्माने का प्राविधान है। उक्त के क्रम में जनपद, गौतमबुद्धनगर में संचालित सभी रिटेल आउटलेट (पेट्रोल/डीजल पम्प) संचालकों को निर्देश दिये जाते है कि वे पेट्रोल/डीजल पम्प प्रांगण में 'नो हेलमेट, नो पेट्रोल, आपका जीवन है अनमोल' सम्बन्धी बैनर / होर्डिंग्स (10X5 फीट आकार में) लगाएंगे तथा किसी भी ऐसे दो पहिया वाहन चालक को पेट्रोल का विक्रय नहीं किया जायेगा, जिसके चालक एवं सहयात्री ने हेलमेट नहीं पहना हो।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के समस्त पेट्रोल/डीजल पम्प संचालक यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके प्रतिष्ठान हमेशा सी0सी0टी0वी0 कैमरे की निगरानी में रहें ताकि किसी भी विवाद का स्थिति में सी0सी0टी0वी0 फुटेज का अवलोकन कर आवश्यक निर्णय लिया जा सके।

# प्रभारी मंत्री ने किया 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' अभियान का शुभारंभ

**नोएडा ( चेतना मंच )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर आज 'स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान' एवं आठवें राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ किया गया। इसी क्रम में जनपद के प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह द्वारा सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत झंडेवाला मंदिर परी चौक ग्रेटर नोएडा में आयोजित स्वच्छता अभियान में प्रतिभाग किया गया एवं रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया गया। इसके उपरांत प्रभारी मंत्री दादरी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्म दिवस के अवसर पर 'स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान' के तहत आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉक्टर शिवाकांत द्विवेदी द्वारा प्रभारी मंत्री का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।



इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रेरणादायी संबोधन और संदेश कार्यक्रम स्थल पर सीधा प्रसारण के माध्यम से दिखाया गया, जिसे प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह, विधायक तेजपाल नागर, भाजपा जिला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद दादरी गीता पंडित अन्य जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और नागरिकों ने बड़े उत्साह के साथ सुना। प्रधानमंत्री जी के संदेश ने उपस्थित जनसमूह को महिला स्वास्थ्य, सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के महत्व को समझने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में महिलाओं ने शिविर का लाभ उठाते हुए स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श प्राप्त किया। साथ ही विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत पाँच लाभार्थियों को प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह जी द्वारा सिलाई मशीनें प्रदान की गईं। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को स्वरोज़गार और आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त बनाना है। इस अवसर माननीय प्रभारी मंत्री जी द्वारा 17 वीं वर्ल्ड वुशु चैंपियनशिप ब्राज़ील में सिल्वर मेडल विजेता शिवानी प्रजापति को शॉल, पुष्पगुच्छ देकर एवं सिल्वर मेडल पहनाकर सम्मानित भी किया गया।

प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि 'स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार की नींव है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देशभर में महिलाओं के स्वास्थ्य, सम्मान और आत्मनिर्भरता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।' उन्होंने बताया कि सरकार का लक्ष्य प्रत्येक महिला तक स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुँचाना और उन्हें सुरक्षित, सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराना है। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि वे इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें, महिलाओं के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण को सुनिश्चित करें और सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएँ।

आयोजित कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी दादरी अनुज नेहरा, तहसीलदार दादरी ओमप्रकाश पासवान, खंड विकास अधिकारी दादरी नेहा, स्वास्थ्य विभाग एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

